www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 174 || अम्बेडकरनगर
बुधवार
16 सितम्बर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 05:52
सूर्यास्तः 06:11
अधिकतमः 32:00
न्यूनतमः 26:00



पेज 07 »

विशेष समाचार | वसई की ऐतिहासिक और ... » पेज 04 | यूपी में पति-पत्नी के अर्धनग्न ... » पेज 06 | बैकफुट पर गई अक्षय कुमार ...



# पीआरडी जवानों का मानदेय बढ़ेगा

## मुफ्त इलाज होगा स्कूलों में बनेंगी स्मार्ट क्लास, छाता में एथेनॉल प्लांट लगाने का रास्ता साफ

**बैठक**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लखनऊ में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अयोध्या के मिल्कीपुर में NSG का रीजनल सेंटर बनाया जाएगा, जहां जवानों को ट्रेनिंग दी जाएगी। मथुरा के छाता में एथेनॉल प्लांट लगाया जाएगा। वहीं, अलीगढ़ में नई यूनिवर्सिटी को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने विशेष सुरक्षा बल (SPG) को हाईटेक हथियार देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। PRD जवानों को 5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के संशोधित प्रस्ताव के अलावा परिषदीय प्राथमिक स्कूलों को स्मार्ट बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली है। गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि छाता में 19 साल पहले शुगर फैक्ट्री बंद हो गई थी।

» (शेष पेज 06 पर)




### यूपी में 900 नई कोर्ट बनेंगी, 6,656 नए पद भी बनेंगे

यूपी के 75 जिलों में 900 नई कोर्ट बनाई जाएंगी। इन कोर्ट में लंबित मामलों की सुनवाई होगी। अभी जिला न्यायालयों में करीब 1.20 करोड़ मामले लंबित हैं। नई कोर्ट में 237 HJS, 391 सिविल जज सीनियर और 292 सिविल जज जूनियर कोर्ट शामिल हैं। इनके लिए 6,656 नए पद भी बनाए जाएंगे।

**23** प्रस्तावों को योगी कैबिनेट ने दी मंजूरी

### अयोध्या बनेगा एनएसजी का हब

अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) का क्षेत्रीय हब बनाया जाएगा। अयोध्या के मिल्कीपुर के लालखां गांव में 65 एकड़ बंजर जमीन भारत सरकार के गृह मंत्रालय को दी जाएगी। अयोध्या में NSG के जवानों को ट्रेनिंग दी जाएगी।



गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा– सीएम योगी इसी साल एथेनॉल प्लांट का शुभारंभ करेंगे।



परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा– सिद्धार्थनगर और हरदोई में नए बस स्टैंड बनाए जाएंगे



मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि अब यूपी में मकान और दुकान किराए पर लेना आसान होगा।

### भर्ती में अग्निवीरों को 20% आरक्षण मिलेगा

पहले ATS के लिए पोर्टल खोलकर आवेदन लिए जाते थे और बाद में पोर्टल बंद कर दिया जाता था। अब पोर्टल हमेशा खुला रहेगा, जिससे इच्छुक लोग कभी भी आवेदन कर सकेंगे। एक जिले में अधिकतम तीन ATS खोले जा सकेंगे। एक मशीन से साल में करीब 24 हजार वाहनों की टेस्टिंग की जा सकेगी। कोई भी व्यक्ति ATS के लिए आवेदन कर सकेगा। आशय पत्र (LOI) जारी होने के बाद सेंटर शुरू करने के लिए छह महीने का समय दिया जाएगा। परिवहन विभाग में प्रवर्तन सिपाही की भर्ती में अग्निवीरों को 20% आरक्षण दिया जाएगा। साथ ही, उन्हें आयु सीमा में 7 साल की छूट मिलेगी।

### सीआरपीएफ कोबरा यूनिट की पहली महिला आईजी बनीं संजुक्ता

नई दिल्ली। 2006 बैच की IPS अधिकारी संजुक्ता पाराशर को CRPF की कोबरा (CoBRA) यूनिट का IG नियुक्त किया गया। CoBRA का पूरा नाम कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन है।

वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। CRPF मुख्यालय ने पिछले हफ्ते उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया था। जानकारी आज सामने आई है। वह 1996 बैच के IPS अधिकारी दानेश राणा की जगह लेंगी।


# केदारनाथ यात्रा फिर शुरू

## बिना हेलमेट एंट्री नहीं, यूपी-राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**खतरा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। केदारनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई है। चीरवासा के पास क्षतिग्रस्त रास्ते से अब 200-200 यात्रियों को सुरक्षित आगे भेजा जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए बिना हेलमेट किसी को भी आगे जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। चीरवासा में करीब 100 मीटर का क्षेत्र डेंजर जोन में आता है। यहां कभी भी लैंडस्लाइड होने का खतरा बना हुआ है। » (शेष 06 पर)



**मौसम विभाग ने यूपी के 72 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में 17 सितंबर तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। हरियाणा के 8 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। पंजाब के 18 जिलों में आज बारिश की संभावना है।**

## ग्राहक से नहीं, कारोबारी से लिया जाएगा अधिकतम 300, 15 अक्टूबर से लागू

# 2 हजार से ज्यादा यूपीआई पेमेंट पर 0.4 प्रतिशत चार्ज



### कोटेदारों की कमाई बढ़ेगी, स्कूल स्मार्ट होंगे

कोटेदारों को 25 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त मार्जिन राशि देने का प्रस्ताव है। इससे 78 हजार से अधिक कोटेदारों की हर महीने करीब 2 हजार से 2,500 रुपए तक अतिरिक्त कमाई हो सकती है। स्कूलों की जर्जर हालत और बच्चों के विरोध प्रदर्शन के बाद बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया है। सरकार 10 वर्ष से अधिक पुराने किराएदारी पट्टों के रजिस्ट्रेशन पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट देने की तैयारी में है।

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। UPI से 2,000 से ज्यादा पेमेंट पर 0.4% चार्ज लगेगा। फीस की मैक्सिमम लिमिट 300 रुपए तक की गई है। यह अमाउंट अलग-अलग ट्रांजैक्शन पर निर्भर करेगा। यह शुल्क ग्राहकों से नहीं बिजनेसमैन से लिया जाएगा।

हालांकि 2,000 तक पेमेंट करने पर ग्राहक और बिजनेसमैन दोनों से किसी तरह की फीस नहीं ली जाएगी। » (शेष पेज 06 पर)

### विपक्ष बोला- सरकार ने चुपचाप यूपीआई पर फीस का रास्ता खोला

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने चुपचाप UPI पर फीस लगाने का रास्ता खोल दिया है। सरकार कहती है कि कोई फीस नहीं ली जाएगी, लेकिन दुकानदार पर लगने वाली फीस आखिर आएगी कहां से। ग्राहक की जेब से आएगी।

» (शेष पेज 06 पर)

**यूपीआई सर्विस के लिए आपको एक वर्चुअल पेमेंट एड्रेस तैयार करना होता है। इसके बाद इसे बैंक अकाउंट से लिंक करना होगा। इसके बाद आपका बैंक अकाउंट नंबर, बैंक का नाम या आईएफएससी कोड आदि याद रखने की जरूरत नहीं होती। पेमेंट करने वाला बस आपके मोबाइल नंबर के हिसाब से पेमेंट रिक्वेस्ट प्रोसेस करता है।**







**फास्ट न्यूज**

### पहली शादी से अनजान दूसरी पत्नी आरोपी नहीं

मुंबई। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि पति की पहली शादी से अनजान दूसरी पत्नी पर बिगैमी (दूसरी शादी) का मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसी महिला पति की रिश्तेदार नहीं मानी जाएगी।

**ऐलान योजना**

### एनडीए के 3 सहयोगी दलों ने यूसीसी का समर्थन किया

NDA के 3 सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी, शिंदे गुट की शिवसेना और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने समान नागरिक संहिता (UCC) के समर्थन की बात कही है। वहीं, बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि वह राज्य में UCC लागू नहीं होने देगा। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह ने 13 सितंबर को कहा था कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले BJP-NDA शासित 21 राज्यों में UCC लागू कर दिया जाएगा। फिलहाल देश में 22 राज्यों में NDA की सरकार है। इनमें उत्तराखंड में जनवरी 2025 से UCC लागू है।

### मसूद अजहर पर 70 लाख का इनाम सिर्फ दिखावा : भारत

नई दिल्ली । भारत ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान का आतंकी मसूद अजहर पर 70 लाख पाकिस्तानी रुपये के इनाम की घोषणा करना एक दिखावा है। ऐसी घोषणाएं सिर्फ खोखली हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, पाकिस्तान के ऐसे दिखावे और लोगों को गुमराह करने की कोशिशें नई नहीं हैं।

# शुभेंदु अधिकारी के पीए की मां नंदीग्राम से उम्मीदवार

## बंगाल चुनाव नतीजे के 2 दिन बाद चंद्रनाथ रथ की हत्या हुई थी

**घोषणा**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । भाजपा ने पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने नंदीग्राम से हसीरानी रथ और रेजीनगर से शाश्वर सरकार को टिकट दिया है।

हसीरानी रथ CM शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की मां हैं। 6 मई की देर रात मध्यमग्राम के पास चंद्रनाथ को गोली मार दी गई थी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। इस साल अप्रैल-मई में हुए बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 207 सीटें जीती थीं। तृणमूल कांग्रेस को 80 और कांग्रेस को 2 सीटें मिली थीं। इन नतीजों के बाद ममता बनर्जी 15 साल बाद सत्ता से बाहर हो गईं। उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के दोनों गुट भी आमने-सामने हैं। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट ने नंदीग्राम से मोहम्मद एतेशामुल हक और रेजीनगर से सफीउज्जमान शेख को मैदान में उतारा है।

» (शेष पेज 06 पर)



नंदीग्राम में टीएमसी के दो गुट भी आमने-सामने

### बेलगावी में फ्रिज फटा, 4 महिलाओं की मौत

बेलगावी। कर्नाटक के बेलगावी में मंगलवार सुबह एक घर में फ्रिज फटने के बाद आग लग गई। हादसे में परिवार की चार महिलाओं की मौत हो गई। घटना चवत गली में सुबह करीब 2:30 बजे हुई।

मरने वालों की पहचान गंगा डामोने, शारदा डामोने, प्रिया डामोने और भारती डामोने के रूप में हुई है। दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, ब्लास्ट के बाद फ्रिज आग लगी। जो पूरे घर में तेजी से फैल गई और अंदर मौजूद लोग बाहर नहीं निकल सके। बेलगावी पुलिस कमिश्नर प्रकाश निकम ने बताया कि हादसे में गजानन डामोने और उनके बेटे रोशन डामोने गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। गजानन करीब 80% झुलसे हैं, जबकि रोशन करीब 40% झुलसे हैं। महिलाओं की मौके पर ही जलने से मौत हो गई।

# राजपाल यादव एक्टिंग में माहिर भरोसा करना मुश्किल : सीजेआई

## चेक बाउंस मामले में आखिरी मौका दिया, अदालतों से 14 बार आदेश

**सुनवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक्टर राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में 2 करोड़ रुपए जमा करने के लिए आखिरी बार 2 हफ्ते का समय दिया है। यह रकम सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री में जमा करनी होगी। कोर्ट ने अभिनेता को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने उनके पुराने रवैये को देखते हुए भरोसा जताने में भी संदेह जाहिर किया। CJI सूर्यकांत ने कहा, 'उनके पुराने रवैये को देखते हुए। कोई उन पर भरोसा कैसे कर सकता है? वे बॉलीवुड में ड्रामा और एक्टिंग करने में माहिर हैं। कोर्ट में भी वही कर रहे हैं।' चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने राजपाल यादव को अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी से मिली राहत जारी रखी है।

» (शेष पेज 06 पर)



**राजपाल यादव से जुड़े चेक बाउंस मामले में पिछले 3 सालों में दिल्ली हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक 15 बार सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने कभी भुगतान करने और कभी समझौते की बात कही। लेकिन हर बार राजपाल ने बात नहीं मानी। इससे पहले ट्रॉयल कोर्ट में भी मामला 6 साल चला।**



# यूपी में बारिश से भरभराकर गिरी दीवार

अलर्ट

## लखीमपुर में 7 मकान नदी में बहे, काशी में तेज बारिश, 72 जिलों में अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी, प्रयागराज। यूपी में मानसून अभी सक्रिय है। बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। करीब 4 लाख की आबादी प्रभावित है। सिद्धार्थनगर में बारिश के बीच दीवार भरभराकर गिर गई। सिर्फ 4 सेकेंड में 20 फीट लंबी दीवार जमींदोज हो गई।

लखीमपुर में शारदा नदी का कटान तेज हो गया है। 24 घंटे में 7 मकान नदी में समा गए। चंदौली में बारिश के चलते मंगलवार सुबह मुसाखाड़, लतीफशाह और भैसोड़ा डैम ओवरफ्लो हो गए। तीनों से 2,270 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। लतीफशाह डैम से झरने की तरह पानी बहता दिखा।

बदायूं में गंगा फिर उफना गई। पुल के ऊपर से पानी बह रहा है।




कई इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। आज सुबह 11 बजे काशी में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने 72 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में बारिश-बाढ़ से जुड़े हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई। बलिया में बिजली गिरने से दो युवकों और बलरामपुर में एक किसान की मौत हो गई। फर्रुखाबाद में बाढ़ के पानी में डूबने से तीन साल के मासूम की जान चली गई। नोएडा में विश्व भारती के पास एलिवेटेड रोड से उतरते समय करीब 3 फीट सड़क धंस गई। यह सड़क विश्व भारती से सेक्टर-71 तक बनी है। सूचना मिलते ही सड़क को ब्लॉक कर दिया गया। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि सड़क की मरम्मत का काम किया जा रहा है। गोंडा में चार दिन तक घटने के बाद घाघरा और सरयू नदियों का जलस्तर मंगलवार सुबह 11:30 बजे से फिर बढ़ने लगा। बैराजों से पानी छोड़े जाने के बाद नदी अब खतरे के निशान से महज 24 सेंटीमीटर नीचे बह रही है।

मंगलवार को गिरजा बैराज से 1,46,169 क्यूसेक, शारदा से 1,31,337 क्यूसेक, सरयू से 6,911 क्यूसेक और सहेली बैराज से 35,147 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसका सबसे ज्यादा असर तरबगंज और करनैलगंज तहसील क्षेत्रों में है। हजारों बीघा फसल डूब गई है। 18 गांवों की 14 हजार आबादी बाढ़ से घिर गई है।

### फर्रुखाबाद में बाढ़ के पानी में डूबने से 3 साल के मासूम की मौत

फर्रुखाबाद के चैनगंज गांव में सोमवार दोपहर बाढ़ के पानी में डूबने से 3 साल के मासूम प्रांशु की मौत हो गई। वह खेलते-खेलते मकान की छत पर पहुंच गया था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे भरे बाढ़ के पानी में गिर गया। काफी देर तक प्रांशु दिखाई नहीं दिया तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। घर के आसपास बाढ़ के पानी में काफी देर तक खोजबीन की गई। बाद में प्रांशु पानी में मिला। परिजन उसे तुरंत राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



> लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बना हुआ है। इसके चलते अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का दौर जारी रह सकता है। पूर्वी यूपी में बारिश की ज्यादा संभावना है।

# 6 बिना रजिस्ट्रेशन वाले मेडिकल सेंटर सील

तमसा संकेत, एजेंसी



बाराबंकी। बाराबंकी में स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार शाम 5 बजे निजी अस्पतालों और मेडिकल सेंटर की अचानक जांच की। टीम ने अग्नि सुरक्षा नियमों और बेसमेंट में चल रही चिकित्सा सेवाओं की स्थिति देखी।

जांच के दौरान रजिस्ट्रेशन से जुड़ी गड़बड़ियां मिलने पर छह बिना रजिस्ट्रेशन वाले प्रतिष्ठानों को मौके पर ही सील कर दिया गया। अन्य प्रतिष्ठानों को नियमों का पालन करने के लिए नोटिस दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय कुमार मिश्र और मेडिकल रजिस्ट्रेशन के वरिष्ठ सहायक जितेंद्र कुमार शुक्ला की मौजूदगी में 10 निजी चिकित्सा प्रतिष्ठानों की जांच की। इनमें न्यू जन कल्याण हॉस्पिटल, आर्यन पॉलीक्लीनिक, आर्यन मेडिकल, श्रेया फार्मेसी, दीपिका हॉस्पिटल और फातिमा नर्सिंग होम समेत अन्य प्रतिष्ठान शामिल रहे। विभाग के अनुसार, जांच के दौरान आर्यन मेडिकल, श्रेया फार्मेसी, श्री धनीराम (सैदनपुर), श्री दिव्यप्रकाश सिंह (सिद्धौर), श्री परिमल बैन (देवीगंज चौराहा) और श्री परमात्मानन्द वर्मा (देवीगंज चौराहा) के प्रतिष्ठान बिना रजिस्ट्रेशन के मिले। टीम ने सभी छह प्रतिष्ठानों को मौके पर ही सील कर दिया।

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 10 निजी अस्पतालों और प्रतिष्ठानों की जांच की, नियमों में मिली गड़बड़ी

जांच के दौरान टीम ने निजी चिकित्सा प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा से जुड़े इंतजामों को देखा।

फास्ट न्यूज

### वाराणसी में देश का पहला सुपर कंप्यूटर बंद

वाराणसी । आईआईटी बीएचयू का सुपर कंप्यूटर परम शिवाय फिलहाल नई गणना और डेटा से जुड़े काम नहीं कर रहा है। सिस्टम पर नए काम नहीं भेजे जा सकते। हालांकि, यूजर्स अपना पुराना जरूरी डेटा डाउनलोड कर उसका बैकअप ले सकते हैं। संस्थान के मुताबिक, परम शिवाय को स्थायी रूप से बंद नहीं किया गया है। फिलहाल इसकी मरम्मत और इसे बेहतर बनाने का काम चल रहा है।

### डीएम अंकल, हमारा स्कूल टूट गया है, बनवा दीजिए'

बाराबंकी। बाराबंकी के सिद्धौर विकासखंड में प्राथमिक विद्यालय मेनहुआ पलौली के बच्चे अपने स्कूल भवन के लिए परेशान हैं। करीब डेढ़ साल पहले स्कूल का जर्जर भवन गिरा दिया गया था, लेकिन अब तक नया भवन नहीं बन पाया है। ऐसे में 58 बच्चे पंचायत भवन के एक ही हॉल में कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई करने को मजबूर हैं। बच्चे डीएम से अपील कर रहे हैं कि उनका स्कूल बनवा दिया जाए। स्कूल का पुराना भवन बहुत खराब हालत में था। इस वजह से मार्च 2023 में इसे गिरा दिया गया था।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती

गोरखपुर। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से गोरखपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की 533 पदों पर भर्ती निकाली गई है। जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 326 पद जबकि सहायिका के 207 पद रिक्त हैं। विज्ञापन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। दोनों पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट निर्धारित की गई है।

# प्रयागराज में दिव्यांग बच्चों के लिए लगा मेजरमेंट कैंप

## 286 बच्चों की जांच, 265 को मिलेंगे सहायक उपकरण

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज । प्रयागराज के कौड़िहार विकासखंड के हथिगहां उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के लिए मेजरमेंट कैंप लगाया गया। इस कैंप में गंगापार क्षेत्र से 286 दिव्यांग बच्चे पहुंचे। बीएसए अनिल कुमार की देखरेख में समेकित शिक्षा और एलिम्को कानपुर ने बच्चों की जांच की। जांच के बाद 265 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण देने के लिए चुना गया है। इन बच्चों को 25 नवंबर को उपकरण दिए जाएंगे।

समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक विकास पांडेय ने बताया कि ऐसे मेजरमेंट कैंप दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को समझने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अच्छी पहल है। उन्होंने कैंप को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, एलिम्को टीम और अभिभावकों का धन्यवाद किया। इससे पहले सोमवार को करछना ब्लॉक के रामपुर में भी एक मेजरमेंट कैंप लगा था। वहां 40 बच्चों को उपकरण देने के लिए चुना गया था। इन बच्चों को 23 नवंबर को एलिम्को कानपुर की ओर से उपकरण दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कनौजिया, एलिम्को कानपुर के पुनर्वास विशेषज्ञ आदर्श द्विवेदी, प्राची कुशवाहा, ऑडियोलॉजिस्ट सजीव कुमार, आशू शुक्ला, कंप्यूटर डाटा मैन ओम जी द्विवेदी, फिजियोथेरेपिस्ट और बीआरसी स्टाफ ने सहयोग किया।

## इतिहास को पढ़ाना नहीं दिखाना चाहिए, हिन्दी दिवस पर बीएचयू के छात्रों से किया संवाद

# मुझे मौजूदा शिक्षा व्यवस्था पसंद नही : संजय मिश्रा

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विज्ञान संस्थान में हिंदी प्रकाशन समिति की ओर से हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। खचाखच भरे महामना हाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेता संजय मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान हिंदी प्रकाशन समिति की पत्रिका अचिंत्य-6.0 का विमोचन भी किया गया।

विद्यार्थियों से संवाद करते हुए संजय मिश्रा ने कहा, "मैं एक्टर की लाइफ जीता हूं।" उन्होंने बनारस से अपने लगाव को साझा करते हुए कहा कि उन्हें यह शहर बेहद पसंद है। बनारस को उन्होंने केवल शहर नहीं, बल्कि एक खूबसूरत सोच बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि "जो आप हैं, वही रहिए। बनारसी हैं तो बनारसी बने रहिए।" अपने स्कूल के दिनों का किस्सा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि वह कई बार स्कूल पहुंचने में देर कर देते थे। एक बार करीब आधा घंटा देर हुई तो शिक्षक ने कारण पूछा। उन्होंने मम्मी के बीमार होने की बात कह दी। आवेदन लिखने को कहा गया तो उन्होंने 18 पेज लिख डाले, लेकिन आवेदन फिर भी पूरा नहीं कर पाए। उनके इस किस्से पर सभागार में ठहाके गूंज उठे।



संजय मिश्रा ने बताया कि उन्हें बचपन से ही सिनेमा से प्यार था। वह फिल्मों को देखते-देखते अभिनय की दुनिया की ओर आकर्षित हुए। उन्होंने 1991 के टीवी धारावाहिक 'चाणक्य' से अभिनय की शुरुआत की और बाद में फिल्मों में काम किया। वर्ष 1995 में रिलीज 'ओह डार्लिंग! ये है इंडिया!' में वह शाहरुख खान के साथ नजर आए। इसके बाद उन्होंने अपनी अलग अभिनय शैली से दर्शकों के बीच पहचान बनाई। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में आगे बढ़ना जरूरी है, लेकिन अपनी जड़ों को छोड़ना नहीं चाहिए।

### 'असफलता का स्वाद चखिए, तभी सफलता समझ आएगी'

संजय मिश्रा ने विद्यार्थियों को असफलता से घबराने के बजाय उससे सीखने की सलाह दी। उन्होंने कहा, "असफलता का स्वाद चखो, तब सफलता का मतलब समझ आएगा।" उन्होंने कहा कि संघर्ष व्यक्ति का अपना होता है और हर समय कोई साथ देने वाला नहीं होता। इसलिए जब भी मौका मिले, उसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। उनके शब्दों में, "मौका मिलते ही चौका मार देना है।"

उन्होंने कहा कि जिस काम में दिल लगे, उसी को पूरी ईमानदारी और लगन से करना चाहिए। प्रोफेशन को समय देना जरूरी है, लेकिन सफलता के साथ अपनी जमीन और पहचान को नहीं भूलना चाहिए।

### 'इतिहास पढ़ना नहीं चाहता था, इतिहास देखना चाहता था'

अपने छात्र जीवन को याद करते हुए अभिनेता ने कहा कि वह पढ़ाई में बहुत अच्छे नहीं रहे। इतिहास पढ़ने में उनकी रुचि कम थी, लेकिन वह इतिहास को देखना चाहते थे। उन्होंने बताया कि आज भी वह स्क्रिप्ट को केवल पढ़ने के बजाय उसे समझने और महसूस करने की कोशिश करते हैं। अपने अभिनय सफर का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि 'चाणक्य' में एक दृश्य के लिए उन्हें 28 टेक देने पड़े थे, जबकि आज वह एक टेक में काम करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अभ्यास और निरंतर सीखते रहने का महत्व समझाया।

# सीईओ की नियुक्ति सही : स्वामी गोविंददेव गिरि

पारदर्शिता

## एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र ने दिया था इंटरव्यू, सिलेक्शन में नहीं हुई कोई गड़बड़ी

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के चयन को लेकर ट्रस्ट के महासचिव स्वामी गोविंददेव गिरि ने सफाई दी है।

उन्होंने सोमवार रात प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि CEO का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया है। एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र ने अयोध्या आकर इंटरव्यू दिया था।

स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में चयन प्रक्रिया को लेकर गलत जानकारी दी जा रही है। इसे स्पष्ट करने के लिए ट्रस्ट ने पूरी प्रक्रिया की जानकारी साझा की है।

उन्होंने बताया कि 6 जुलाई 2026 को CEO चयन के लिए खोज समिति बनाई गई थी। समिति को कुल 5,585 आवेदन मिले। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर, पुणे और संबलपुर में एआई स्क्रीनिंग और विशेषज्ञों की मैनुअल जांच के जरिए कई चरणों में आवेदनों का मूल्यांकन किया गया।



ये तस्वीर राम जन्म भूमि ट्रस्ट के महासचिव स्वामी गोविंददेव गिरि की है।

इस प्रक्रिया के बाद 16 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए चुना गया। इन सभी ने 11 और 12 अगस्त को अयोध्या में आमने-सामने इंटरव्यू दिया। ट्रस्ट के मुताबिक एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र ने 11 अगस्त को पहली पाली में इंटरव्यू में हिस्सा लिया था।

स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि ट्रस्ट पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है और चयन प्रक्रिया से जुड़े किसी भी सवाल पर तथ्यात्मक जानकारी देने के लिए तैयार है।

- स्वामी गोविंददेव गिरि के मुताबिक खोज समिति ने 1 सितंबर को अपनी अंतिम रिपोर्ट और सिफारिशें ट्रस्ट को सौंपीं। इसके बाद 2 सितंबर को शीर्ष तीन उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए गए।
- इनमें एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र, संजय प्रतापसिंह विश्वास राव और श्रुति भारद्वाज शामिल थे।

### ट्रस्ट ने इन दावों को गलत बताया

ट्रस्ट महासचिव ने कहा कि एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र के 11-12 अगस्त के इंटरव्यू में शामिल नहीं होने की बात तथ्यात्मक रूप से गलत है। शीर्ष तीन उम्मीदवारों में उनका शामिल होना उनकी इंटरव्यू में भागीदारी, मूल्यांकन और योग्यता के आधार पर चयन का दस्तावेजी प्रमाण है। उन्होंने कहा कि CEO चयन की पूरी प्रक्रिया संस्थागत नियमों और पारदर्शिता के तय मानकों के अनुसार हुई है। हर चरण का रिकॉर्ड रखा गया और अयोध्या में इंटरव्यू देने वाले सभी उम्मीदवारों की पहचान दर्ज की गई।

# 'विकसित भारत के लक्ष्य में युवाओं की भूमिका अहम'

## मेरा युवा भारत के स्टेट डायरेक्टर गोपेश बाराबंकी पहुंचे

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी । बाराबंकी में 'मेरा युवा भारत' उत्तर प्रदेश के स्टेट डायरेक्टर गोपेश पांडेय ने मंगलवार को बाराबंकी पहुंचकर युवाओं से संवाद किया। दोपहर 2 बजे मुंशी रघुनंदन प्रसाद पटेल महिला महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं से बातचीत के दौरान उन्होंने 'विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग' में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने की प्रक्रिया समझाते हुए युवाओं से सक्रिय रूप से जुड़ने की अपील की।

पांडेय ने 'मेरा युवा भारत' के उद्देश्यों और युवाओं के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं को देश का सिर्फ भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान का नेतृत्व करने वाला वर्ग बताते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सारिका की देखरेख में हुआ।



हाविद्यालय के बाद गोपेश पांडेय ने बाराबंकी स्थित 'मेरा युवा भारत' कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों से उनके कामकाज और युवाओं के बीच चल रही गतिविधियों की जानकारी ली।

एक्शन : वाराणसी में जलभराव पर पहली बड़ी कार्रवाई, पंप बंद रखने का आरोप

# मंत्री के निर्देश पर जल निगम के अधिशासी अभियंता सस्पेंड

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी में जलभराव को लेकर पहली बड़ी कार्रवाई हुई है। मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर जल निगम के अधिशासी अभियंता पवन कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। उन पर चौकाघाट सीवेज पंपिंग स्टेशन और गोइठहां एसटीपी के पंप समय पर नहीं चलाने का आरोप है। इससे भारी बारिश के दौरान शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी।

मंत्री ने कहा कि जनता की सुविधा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी।

पवन कुमार गुप्ता को उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के वाराणसी निर्माण खंड से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें कार्यालय मुख्य अभियंता (कानपुर क्षेत्र), उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), कानपुर से संबद्ध किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।



जल जमाव के बाद पंप न चलाने पर मंत्री एके शर्मा ने वाराणसी में लिया बड़ा एक्शन। जल निगम के अधिशासी अभियंता निलंबित

### 3 और 4 सितंबर को पंप बंद रखने का आरोप

निलंबन आदेश के मुताबिक, 3 और 4 सितंबर 2026 को चौकाघाट सीवेज पंपिंग स्टेशन और गोइठहां एसटीपी के पंप बंद रखे गए। आरोप है कि पंपों का समय से संचालन नहीं हुआ। भारी बारिश के दौरान इससे सीवर लाइनों पर दबाव बढ़ गया। शहर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बैकफ्लो रोकने की कार्ययोजना भी नहीं बनाई

पवन कुमार गुप्ता पर चौकाघाट सीवेज पंपिंग स्टेशन में नदी के बैकफ्लो को रोकने के लिए जरूरी गेट और बैरियर लगाने की कार्ययोजना तैयार नहीं करने का भी आरोप है। इसमें आगणन भी शामिल था।

आदेश में कहा गया है कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों के बावजूद इस दिशा में कार्रवाई नहीं की गई। इसे पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही और उदासीनता माना गया है।

> वाराणसी में जलभराव के निरीक्षण के दौरान मंत्री एके शर्मा ने अधिकारियों पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि जलभराव से आम लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। लापरवाही मिलने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात भी कही थी।

उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के नियम-7 के तहत विभागीय जांच भी शुरू की गई है। मुख्य अभियंता (क्रय), उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), लखनऊ को जांच अधिकारी बनाया गया है।

इसी के बाद चौकाघाट पंपिंग स्टेशन और गोइठहां एसटीपी में पंप संचालन में लापरवाही के मामले में यह कार्रवाई की गई।

# ओजोन दिवस: स्लोगन, पोस्टर एवं शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिताओं का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

**कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ओजोन परत के महत्व, उसके संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक माध्यमों के माध्यम से ओजोन संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा का संदेश प्रस्तुत किया।**

बरेली। पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली द्वारा Environment, Agriculture & Education Society (EAES), Bareilly के सहयोग से विश्व ओजोन दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग एवं शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री देव मूर्ति जी प्रबंध समिति बरेली कॉलेज बरेली के संरक्षण तथा प्राचार्य प्रो. ओ.पी. राय एवं उपप्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली एवं संदेशपरक स्लोगन के माध्यम से ओजोन परत के संरक्षण की आवश्यकता को अभिव्यक्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों एवं चित्रों के माध्यम से ओजोन परत, पर्यावरण संरक्षण तथा पृथ्वी को सुरक्षित रखने से जुड़े विषयों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वीडियो के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता एवं ओजोन संरक्षण का संदेश रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। तीनों प्रतियोगिताओं में बरेली कॉलेज के अलावा बरेली शहर के अन्य स्कूलों कॉलेज के लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।





इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. जसपाल सिंह ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरणीय विषयों को विद्यार्थियों और समाज तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ओजोन परत का संरक्षण पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ है और इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

### केंद्रीय प्रयोगशाला को अत्याधुनिक मशीनों से किया गया लैस

# एक छत के नीचे होंगी कई गंभीर बीमारियों की जांच

**सुविधा**

बृजेंद्र वीर सिंह



कैंसर-हृदय से लेकर थायरॉयड और गुर्दे की विशिष्ट जांचें जल्द शुरू

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। राजकीय मेडिकल कॉलेज की केंद्रीय प्रयोगशाला अब कई गंभीर बीमारियों की पहचान में अहम भूमिका निभाएगी। प्रयोगशाला को अत्याधुनिक मशीनों और नई तकनीकी सुविधाओं से लैस किया गया है। मंगलवार को प्राचार्य प्रो. डॉ. मुकेश यादव ने इसका उद्घाटन किया। नई व्यवस्था में कई ऐसी विशिष्ट जांचें शुरू की जाएंगी, जिनके लिए मरीजों को अब दूसरे जांच केंद्रों का सहारा कम लेना पड़ेगा। केंद्रीय प्रयोगशाला में Reticulocyte Count, hs-CRP, Procalcitonin (PCT), D-Dimer, Anti-TPO, Free PSA और Free T3 जैसी जांचें उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ Alpha-Fetoprotein (AFP), CEA, CA-125 और CA 19-9 जैसे कैंसर संबंधी ट्यूमर मार्कर की जांच भी होगी। हृदय से जुड़ी जांच के लिए NT-proBNP की सुविधा मिलेगी।

केंद्रीय प्रयोगशाला के नोडल अधिकारी प्रो. डॉ. मनोज कुमार गुप्ता और को-नोडल अधिकारी डॉ. आमोद कुमार ने बताया कि नई जांचें चरणबद्ध तरीके से मरीजों के लिए शुरू की जाएंगी। इसका उद्देश्य मेडिकल कॉलेज में ही अधिक से अधिक विशिष्ट और विश्वसनीय जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उद्घाटन के दौरान CMS डॉ. बृजेश समेत डॉ. मुकेश राना, डॉ. अमित पटेल, डॉ. अजय सिंह, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. संदीप कुमार शर्मा, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. मुकुल, डॉ. आशीष, डॉ. राजेश्वरी और डॉ. श्वेता सहित चिकित्सक व अधिकारी मौजूद रहे।




**गुर्दे और थैलेसीमिया की भी मिलेगी जांच सुविधा**

प्रयोगशाला में 24 घंटे के मूत्र में प्रोटीन, Urinary Microalbumin, Microprotein और UACR जैसी जांचें भी शुरू की जाएंगी। इसके अलावा Thalassemia Profile की सुविधा भी मिलेगी। इन जांचों से हृदय रोग, संक्रमण, सूजन, थायरॉयड, प्रोस्टेट, कैंसर, गुर्दे की बीमारी और थैलेसीमिया के निदान में चिकित्सकों को मदद मिलेगी।

# भोर के तीन बजे से रात तक सड़कों पर निजी बसों की दौड़

### आलापुर के कई रूटों पर संचालन को लेकर उठे सवाल

■ परमिट-फिटनेस और ओवरलोडिंग की जांच की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। आलापुर तहसील क्षेत्र की सड़कों पर निजी बसों के बढ़ते संचालन को लेकर परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। रामनगर से जहांगीरगंज, राजेसुल्तानपुर, कम्हरिया बाजार, गिरैया, माडरमऊ, चहोड़ा और न्यौरी तक कई रूटों पर बसों के चलने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ बसों का संचालन तड़के करीब तीन बजे से देर रात तक होता है।

ऐसे में यह जांच का विषय है कि इन बसों में से कितनी के पास वैध परमिट है और कितनी बसें निर्धारित रूट पर ही चल रही हैं। बसों की फिटनेस, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र की जांच भी जरूरी बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिवहन विभाग को क्षेत्र में औचक अभियान चलाकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

निजी बसों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने और मनमाना किराया वसूलने की शिकायतें भी सामने आने की बात कही जा रही है। हालांकि इन शिकायतों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

बसों की डिग्गियों में सामान लाने-ले जाने को लेकर भी चर्चाएं हैं। इसकी भी पुष्टि जांच के बाद ही संभव है। परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त जांच से बसों के दस्तावेजों के साथ सामान के परिवहन की स्थिति भी स्पष्ट हो सकती है।

स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी उठ रहा है कि कौन-सी बस किस परमिट के आधार पर किस रूट पर संचालित हो रही है। यदि परमिट और वास्तविक संचालन रूट में अंतर है तो नियमानुसार कार्रवाई की स्थिति भी स्पष्ट होनी चाहिए।

**फास्ट न्यूज**

### बीएसए ने खुद संभाली झाड़ू

अंबेडकरनगर। स्वच्छता पखवाड़े के तहत जिले में चल रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में साफ-सफाई की गई। बीएसए डॉ. पूनम मिश्रा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। एक से 15 सितंबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत जिले के परिषदीय विद्यालयों में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### एक रात में चार हैंडपंप उखाड़ ले गए चोर, 200 मीटर के दायरे में वारदात

अंबेडकरनगर। कटका थाना क्षेत्र के सिंहोरिया-एकडंगा में सोमवार रात चोरों ने चार हैंडपंप उखाड़कर चोरी कर लिए। सभी हैंडपंप करीब 200 मीटर के दायरे में लगे थे। एक ही रात में चार स्थानों पर हुई चोरी से इलाके में इसकी चर्चा रही।

चोरों ने एकडंगा मोड़ स्थित पवन सिंह के शिवा बिल्डिंग मटेरियल, गुलाब यादव की आटा चक्की, रामचंद्र गुप्ता और हर्षित सिंह के नवनिर्मित घर के पास लगे हैंडपंपों को निशाना बनाया। रात के अंधेरे में चोर हैंडपंप खोलकर ले गए।

### मानदेय के इंतजार में धरना दे रहे सीएचओ

अंबेडकरनगर। मानदेय और पीबीआई (परफॉर्मेंस बेस्ड इंसेंटिव) के भुगतान समेत विभिन्न मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) का सीएमओ कार्यालय परिसर में धरना जारी है। प्रदर्शन के दौरान मंगलवार को एक सीएचओ की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गए। साथी सीएचओ उन्हें जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू किया गया।

# 18 की उम्र पूरी, अब मतदाता सूची में नाम जरूरी

### विद्यालयों में सक्रिय हुए इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए जिले के विद्यालयों में इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब (ईएलसी) सक्रिय किए गए हैं। निरंतर पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को निर्धारित रोस्टर के अनुसार विभिन्न विद्यालयों में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने बैठकें कीं। इसमें नए और पात्र मतदाताओं को नाम जुड़वाने से लेकर मतदाता सूची में संशोधन तक की प्रक्रिया समझाई गई। बैठकों में विद्यार्थियों को फॉर्म-6, 7 और 8 के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नया मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6 भरा जाता है। मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 और सूची में दर्ज विवरण में संशोधन के लिए फॉर्म-8 का इस्तेमाल किया जाता है। पात्र विद्यार्थियों को फॉर्म-6 भरने के लिए प्रेरित करने के साथ जरूरत के अनुसार इसका वितरण भी किया गया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पात्र युवा अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया पूरी करें। विद्यार्थियों को अपने परिवार और आसपास के पात्र युवाओं को भी इसकी जानकारी देने को कहा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर चल रही इस पहल का उद्देश्य पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है। इसके साथ ही मतदाता सूची में जेंडर रेशियो और ईपी रेशियो को निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने पर भी जोर दिया जा रहा है।

# स्कूलों में सजेगी संसद, विद्यार्थी निभाएंगे मंत्री विपक्ष की भूमिका

### अंबेडकरनगर के 369 माध्यमिक विद्यालयों में होगी युवा संसद

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले के माध्यमिक विद्यालयों में अब विद्यार्थी सिर्फ किताबों में संसद की कार्यप्रणाली नहीं पढ़ेंगे, बल्कि सदन की कार्यवाही का अभ्यास भी करेंगे। सभी 369 माध्यमिक विद्यालयों में युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें विद्यार्थी सांसद, मंत्री, विपक्षी सदस्य और अध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जिले में 32 राजकीय, 60 अशासकीय सहायता प्राप्त और 277 वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। सभी विद्यालयों में प्रतियोगिता कराने की जिम्मेदारी तय की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ सिंह को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी बनाया गया है। राष्ट्रीय युवा संसद योजना के निर्धारित पोर्टल पर विद्यालयों को किशोर सभा के तहत पंजीकरण कराना होगा। प्रधानाचार्य की स्वीकृति के बाद कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। एक युवा संसद में करीब 50 से 55 विद्यार्थी शामिल होंगे। चयनित विद्यार्थियों को भूमिका के अनुसार प्रश्न पूछने, जवाब देने, चर्चा करने और प्रस्ताव रखने का अभ्यास कराया जाएगा। सदन के लिए अध्यक्ष का चयन होगा और मंत्रिपरिषद का गठन किया जाएगा। सत्ता पक्ष विपक्ष के सवालों का जवाब देगा। विभिन्न ज्ञानवर्धक और लोकतांत्रिक विषयों पर सदन में चर्चा होगी। युवा संसद का उद्देश्य विद्यार्थियों को संसद की कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था और संसदीय प्रक्रियाओं की समझ देना है। इसके जरिए विद्यार्थियों को अपनी बात रखने, तर्क करने और सदन की कार्यवाही को समझने का अवसर मिलेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ सिंह ने बताया कि सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रतियोगिता आयोजित कराने के निर्देश दिए जाएंगे। शासनादेश के अनुसार विद्यालय स्तर पर आयोजन होगा।

# फाइलों से लेकर कामकाज तक एसपी ने पुलिस कार्यालय में परखी व्यवस्था

तमसा संकेत, संवाददाता



■ अभिलेखों को अपडेट रखने के निर्देश, लंबित प्रकरणों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर

अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली परखी। उन्होंने शाखाओं में रखे अभिलेखों और पत्रावलियों का अवलोकन किया। अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यालयीन कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने अभिलेखों को अद्यावधिक रखने और पत्रावलियों को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय से जुड़े कार्यों का निस्तारण तय समय में और गुणवत्ता के साथ किया जाए। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसपी ने पुलिस कार्यालय परिसर में स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने आमजन से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों के प्रति जिम्मेदार रहने को कहा।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों, पत्रावलियों और कार्यालयीन कार्यों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### छेड़छाड़ के आरोपों पर आरोपी के पिता का पलटवार, दावा- विवाद किसी दूसरे युवक से था

# 'बेटे को बेवजह फंसाया'

### चैट और वीडियो सामने आने के बाद रंजिश में हमारे बेटे का नाम जोड़ा गया

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। महरुआ थाना क्षेत्र में दो नाबालिग बहनों से छेड़छाड़ और धमकी के आरोपों को लेकर अब नया पक्ष सामने आया है। आरोपित युवक के पिता ने अपने बेटे को पूरी तरह निर्दोष बताते हुए कहा है कि उसका इस विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। पिता के मुताबिक, असल विवाद किसी दूसरे युवक से जुड़ा है। उसी मामले को लेकर उनके बेटे को रंजिश में फंसाया जा रहा है।

आरोपी के पिता ने बातचीत में कहा कि मामले से जुड़ी चैटिंग और वीडियो में लड़की की दूसरे युवक से बातचीत होने की बात सामने आई थी। उनके अनुसार, यही बात उजागर होने के बाद विवाद ने दूसरा रूप ले लिया। पिता का दावा है कि इसके बाद उनके बेटे को मामले में घसीटते हुए उस पर गंभीर आरोप लगा दिए गए।

पिता का कहना है कि केवल आरोप लगाए जाने से उनके बेटे को दोषी नहीं माना जा सकता। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। मामले में एक ओर नाबालिग बहनों की तरफ से छेड़छाड़ और धमकी के आरोप हैं। वहीं दूसरी ओर आरोपित युवक के पिता इन आरोपों को गलत बताते हुए बेटे को निर्दोष बता रहे हैं। उनका कहना है कि वास्तविक विवाद दूसरे युवक से जुड़ा था और उनके बेटे को जानबूझकर इसमें फंसाया गया। अब मामले में सामने आए चैट, वीडियो और अन्य डिजिटल साक्ष्य अहम हो गए हैं। इनकी जांच से यह स्पष्ट हो सकता है कि विवाद की शुरुआत किस वजह से हुई और आरोपित युवक की वास्तविक भूमिका क्या थी।

**'मामला हमारे बच्चे का नहीं, दूसरे युवक से जुड़ा था'**

पिता का कहना है कि जिस युवक को लेकर विवाद था, मामला उसी से जुड़ा था। उनके बेटे का उससे कोई संबंध नहीं था। इसके बावजूद उसके खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी जैसे आरोप लगा दिए गए। उन्होंने कहा कि उनका बेटा निर्दोष है और परिवार के खिलाफ रंजिश के कारण उसे निशाना बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि पुलिस यदि मामले में सामने आए चैट और वीडियो की निष्पक्ष तरीके से जांच करे तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

**मामले में पहले एआई से फर्जी फोटो-वीडियो तैयार करने और उसे वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। आरोपी पक्ष का कहना है कि इन आरोपों की भी तकनीकी जांच होनी चाहिए। किस अकाउंट से बातचीत हुई, वीडियो किसने बनाया और उसे किसने प्रसारित किया, इसकी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।**

# मिट्टी को आकार देकर बालिकाओं ने गढ़े गणेश

### गणेश चतुर्थी पर जिले के आठ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में हुए रचनात्मक आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता





अंबेडकरनगर। गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को जिले के सभी आठ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। जिलाधिकारी के निर्देश पर हुए आयोजनों में बालिकाओं ने मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमाएं तैयार कीं। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में रंगोली बनाई गई और गणेश प्रतिमाओं का पूजन किया गया।

बालिकाओं ने मिट्टी को अलग-अलग आकार देकर गणेश प्रतिमाओं को तैयार किया। इसके बाद उन्हें आकर्षक रूप दिया। रंगोली के जरिए भी बालिकाओं ने अपनी कला और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया। गतिविधियों में विद्यालय की बालिकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालयों में आयोजित गतिविधियों का उद्देश्य बालिकाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़ना रहा। मिट्टी से प्रतिमा बनाने और रंगोली तैयार करने से उन्हें अपनी कला-कौशल दिखाने का अवसर मिला। सामूहिक गतिविधियों के जरिए सहयोग और सहभागिता को भी बढ़ावा मिला।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. पूनम मिश्रा ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ाई के साथ कला, संस्कृति, खेल और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के आयोजन के जरिए बालिकाओं को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और पर्व-त्योहारों की जानकारी देने का प्रयास किया गया।

# 22 हजार मानदेय की मांग पर मुखर हुईं समूह सखियां

### एनआरएलएम कर्मियों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

तमसा संकेत, संवाददाता



■ स्मार्टफोन-लैपटॉप, बीमा और मातृत्व अवकाश की भी उठाई मांग

अंबेडकरनगर। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत काम कर रहीं समूह सखियों ने मानदेय बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त स्वतः रोजगार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मौजूदा मानदेय को बढ़ाकर 22 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। साथ ही कार्य के लिए जरूरी संसाधन और सामाजिक सुरक्षा की सुविधाएं देने की मांग उठाई। समूह सखियों ने बताया कि वे वर्ष 2019 से जिले के सभी ब्लॉकों में मिशन के कार्यों से जुड़ी हैं। उनका कहना है कि वर्ष 2023 के बाद मानदेय में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई। इससे काम के साथ आर्थिक दिक्कतें भी बढ़ रही हैं।

समूह सखियों ने लोकोस का काम सुचारु रखने के लिए स्मार्टफोन, लैपटॉप और हर माह मोबाइल रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीण क्षेत्रों में काम के लिए पहचान पत्र देने की भी मांग रखी। उन्होंने पांच लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, मेडिकल सुरक्षा और छह महीने का मातृत्व अवकाश देने की मांग की। मानदेय सीधे बैंक खाते में भेजने और जिले की सभी समूह सखियों की सेवाएं स्थायी करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

### कार्रवाई : कुर्की बाजार में मारपीट के बाद रामकिशुन की इलाज के दौरान मौत

# घायल की मौत के बाद खुली लाटीकांड की परत दो गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कुर्की बाजार में 13 सितंबर को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में गंभीर रूप से घायल रामकिशुन की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या समेत अन्य धाराएं बढ़ा दीं। मंगलवार को पकड़े गए दोनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल दो डंडे भी बरामद किए। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार, कुर्की बाजार निवासी आशाराम ने 13 सितंबर को तहरीर दी थी। आरोप था कि उनके बड़े चाचा रामकिशुन को अंश यादव उर्फ डब्बू यादव, पवन मौर्य और कुछ अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से पीटा था। मारपीट में रामकिशुन गंभीर रूप से घायल हुए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना में घायल एक अन्य व्यक्ति का भी उपचार चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई गई है।

पुलिस का कहना है कि अंश यादव के खिलाफ अकबरपुर, सम्मनपुर और टांडा थानों में तथा आनंद यादव के खिलाफ मालिपुर, टांडा और जलालपुर थानों में पहले से मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार कार्रवाई एसपी प्राची सिंह के निर्देश पर की गई। इसकी निगरानी एएसपी पश्चिम हरेंद्र कुमार और सीओ सिटी नीतीश तिवारी ने की। सम्मनपुर थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**निशानदेही पर दो डंडे बरामद**

पुलिस ने जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में हत्या समेत अन्य धाराएं बढ़ाईं। इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही थी। मंगलवार को पुलिस ने अंश यादव उर्फ डब्बू और आनंद यादव को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक अंश यादव (22) खपुरा खानपुर शाह सुलेमपुर, अकबरपुर का रहने वाला है, जबकि आनंद यादव (24) कंदियापुर, मालिपुर निवासी है। पूछताछ के बाद अंश की निशानदेही पर एक डंडा और आनंद की निशानदेही पर दूसरा डंडा बरामद किया गया।

# बूथों की मजबूती पर बसपा का जोर, कार्यकर्ताओं ने बनाई आगे की रणनीति

### अकबरपुर में सेक्टर-बूथ समीक्षा के साथ कैडर कैंप

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। विधानसभा क्षेत्र 281 अकबरपुर में बसपा ने सेक्टर और बूथ स्तर के संगठन की समीक्षा कर आगे की रणनीति तैयार की। पार्टी की ओर से आयोजित एकदिवसीय कैडर कैंप में पदाधिकारियों ने बूथवार तैयारियों की जानकारी ली और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अकबरपुर विधानसभा के प्रभारी प्रत्याशी मनोज वर्मा ने की। अयोध्या मंडल के मुख्य प्रभारी दिलीप कुमार विमल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष सुनील सावंत गौतम ने संचालन किया।

दिलीप कुमार विमल ने सेक्टर और बूथ की समीक्षा के दौरान कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने की बात कही। उन्होंने भाजपा सरकार पर कानून व्यवस्था, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर निशाना साधा। कहा कि इन मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं को जनता के बीच अपनी बात रखनी चाहिए।

उन्होंने सपा के दलित प्रेम पर भी सवाल उठाया। आरोप लगाया कि एससी-एसटी आरक्षण से जुड़े विधेयक और ठेकेदारी में आरक्षण को लेकर सपा का रुख दलित हितों के अनुरूप नहीं रहा। उन्होंने एससी-एसटी समाज के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति का मुद्दा भी उठाया।

कार्यक्रम में राधेश्याम राजभर, निश्चय वर्मा, जय प्रकाश सैनी, विनायक निषाद, आफताब आलम, अज्ञाराम प्रधान, राहुल पाल, आशाराम वर्मा, आलोक वर्मा, संजय वर्मा, रामजस और अम्बेश सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## पाकिस्तान का छलावा



पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय संगठन एफएटीएफ की अगले माह होने वाली बैठक के पहले जिस तरह भारत में वांछित आतंकी सरगना मसूद अजहर पर इनामी राशि 50 लाख से बढ़ाकर 70 लाख रुपए की, वह मनी लांड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण पर लगाम लगाने वाली इस संस्था के साथ-साथ विश्व की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश ही है। पाकिस्तान की धोखेबाजी का परिचय इससे मिलता है कि उसने कुछ समय पहले यह अफवाह फैलाई थी कि जैशे मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर अफगानिस्तान में कहीं छिपा है। अफगानिस्तान और भारतीय खुफिया एजेंसियों के अनुसार वह पाकिस्तान में ही है।

पाकिस्तान ने मसूद अजहर पर इनामी राशि बढ़ाने के साथ आतंकियों की जो नई सूची जारी की, उसमें अनेक नाम ऐसे हैं, जो भारत में आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान ने आतंकियों की नई सूची में से कई के फोटो हटा दिए हैं और उनका आतंकी संगठनों से संबंध भी छिपा लिया है, जबकि पहले की सूची में उनके फोटो और इसका विवरण भी था कि वे किस आतंकी संगठन के लिए काम करते हैं।

पता नहीं एफएटीएफ पाकिस्तान के छलावे को भांप सकेगी या नहीं, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि यदि वह कठोरता का परिचय नहीं देती तो आतंक से लड़ने में सक्षम नहीं हो सकेगी। एफएटीफ ने 2022 में पाकिस्तान को इसलिए अपनी ग्रे लिस्ट से हटाया था, क्योंकि यह लग रहा था कि वह अपने यहां के आतंकी ढांचे को खत्म कर रहा है, लेकिन ऐसा होते ही वह फिर से आतंकियों को पालने-पोसने में जुट गया।

पाकिस्तान में जैश और लश्कर सरीखे आतंकी संगठन पहले की ही तरह न केवल सक्रिय हैं, बल्कि फल-फूल भी रहे हैं। वे चंदा इकट्ठा करने के साथ ही आतंकियों की भर्ती भी करते रहते हैं। चूंकि पाकिस्तान ने आतंकी संगठनों को अपनी सुरक्षा नीति का हिस्सा बना लिया है, इसलिए वहां आतंकी संगठनों की सक्रियता खत्म होने का नाम नहीं लेती। वह आतंकियों को पालकर भारत ही नहीं, अन्य देशों के लिए भी खतरा बन रहा है।

विडंबना यह है कि सब कुछ जानते हुए भी एफएटीफ इसकी अनदेखी कर रही है। इसका कारण यह है कि इस संगठन में प्रभावी कुछ देश पाकिस्तान के हितैषी बने हुए हैं। इनमें प्रमुख है अमेरिका। जो अमेरिका पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से पीड़ित रहा, वह इससे मुंह फेरे है कि इस देश में किस तरह आतंकवाद फल-फूल रहा है। पाकिस्तान में पनप रहा आतंकवाद वैश्विक जिहाद को खाद-पानी दे रहा है और यह जिहाद अमेरिका के लिए भी खतरा बन सकता है। इसमें संदेह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति की आंखें खुलेंगी, लेकिन एफएटीएफ में शामिल अन्य देशों को पाकिस्तान से उभर रहे खतरे का संज्ञान लेना चाहिए। वे ऐसा करें, इसके लिए भारत को इस संगठन में अपनी उपस्थिति का उपयोग करना होगा।

# वसई की ऐतिहासिक और प्राकृतिक विरासत

> पर्यटन उद्योग की रीढ़ हमेशा से वहां का बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी रही है। कोई भी पर्यटन स्थल तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक कि वहां पहुंचना सुलभ और आरामदायक न हो। वसई इस मोर्चे पर हमेशा से पिछड़ता रहा है।





मुंबई महानगर से सटा पालघर जिले का वसई-विरार क्षेत्र आज एक ऐतिहासिक चौराहे पर खड़ा है। एक तरफ जहां यह क्षेत्र तेजी से शहरीकरण और कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ इसके सीने में सदियों पुराना इतिहास, प्राचीन किले, शांत समुद्र तट और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत दबी हुई है। दशकों तक केवल मुंबई के एक 'शयनकक्ष' के रूप में देखे जाने वाले वसई को अब अपनी वास्तविक पहचान मिलने की उम्मीद जगी है। वसई-विरार नगर निगम द्वारा वर्ष 2026-2027 के लिए घोषित 4,208 करोड़ का महत्वाकांक्षी बजट और उसमें शामिल विशेष 'टूरिज्म मास्टर प्लान' इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वसई को एक वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की प्रशासनिक और राजनीतिक इच्छाशक्ति अब धरातल पर उतरने लगी है। हालांकि, यह सवाल आज भी हर वसईकर और इतिहासप्रेमी के जेहन में कौंध रहा है कि कागजी प्रस्तावों, बजटीय आवंटनों और प्रशासनिक घोषणाओं के बीच वास्तविक धरातल पर वसई का पूर्ण कायाकल्प कब तक संभव हो पाएगा। इस महा-परियोजना की राह में जितनी संभावनाएं हैं, उतनी ही ढांचागत और प्रशासनिक चुनौतियां भी मौजूद हैं, जिनका निष्पक्ष विश्लेषण समय की मांग है। वसई के पर्यटन विकास को समझने के लिए सबसे पहले इसकी उस भौगोलिक और ऐतिहासिक विशिष्टता को स्वीकार करना होगा जो इसे देश के अन्य तटीय क्षेत्रों से अलग बनाती है। वसई केवल चौपाटी या समुद्र तटों का शहर नहीं है, बल्कि यह जीवंत इतिहास का एक ऐसा कोलाज है जहां मौर्य काल, सातवाहन काल, पुर्तगाली शासन और मराठा साम्राज्य के गौरवशाली अध्याय एक साथ सांस लेते हैं। यहाँ का वसई किला स्थापत्य कला का एक ऐसा बेजोड़ नमूना है, जो यूरोप और भारत के सांस्कृतिक मिलन को दर्शाता है। लेकिन दुर्भाग्य से, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय की कमी के कारण यह ऐतिहासिक धरोहर वर्षों तक उपेक्षा का शिकार रही। खंडहरों में तब्दील होती दीवारें, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और बुनियादी सुविधाओं का अभाव इसकी नियति बन चुका था। अब नए मास्टर प्लान के तहत इस किले के पुनरुद्धार, प्रकाश व्यवस्था और पर्यटकों के लिए सूचना केंद्रों की स्थापना की जो बात कही जा रही है, वह स्वागत योग्य है। लेकिन इस विकास में सबसे बड़ी चुनौती इतिहास के मूल स्वरूप को अक्षुण्ण बनाए रखने की है। पर्यटन के नाम पर आधुनिक कंक्रीट का निर्माण इस धरोहर के ऐतिहासिक महत्व को नष्ट कर सकता है, इसलिए प्रशासन को पुरातत्व विशेषज्ञों की देखरेख में ही आगे बढ़ना होगा। इस पूरे पर्यटन मास्टर प्लान का सबसे क्रांतिकारी और दूरगामी पहलू पांजू द्वीप (Panju Island) का विकास है। नीति आयोग द्वारा देश के जिन 26 प्रमुख द्वीपों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है, उनमें महाराष्ट्र से केवल वसई क्रीक में स्थित पांजू द्वीप शामिल है। यह चयन अपने आप में वसई की वैश्विक क्षमता को प्रमाणित करता है। पांजू द्वीप आज भी शहरी कोलाहल से दूर अपनी पारंपरिक आगरी (मछुआरा) संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता को संजोए हुए है। केंद्र और राज्य सरकार की योजना यहाँ वाटर स्पोर्ट्स, मैंग्रोव सफारी, इको-टूरिज्म और होमस्टे जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित करने की है। यह परियोजना न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगी बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी एक नया जीवन देगी। जब बाहरी पर्यटक यहाँ आएंगे और होमस्टे के माध्यम से स्थानीय घरों में रुकेंगे, तो यहाँ के युवाओं के लिए रोजगार के अभूतपूर्व अवसर पैदा होंगे। लेकिन इस विकास की भी अपनी एक कीमत है। पांजू द्वीप का नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र और वहां के विस्तृत मैंग्रोव वन पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। यदि पर्यटन के अनियंत्रित व्यावसायीकरण को खुली छूट दी गई, तो यहाँ का पर्यावरण तबाह हो सकता है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि पांजू द्वीप का विकास पूरी तरह से 'इको-फ्रेंडली' या पर्यावरण-अनुकूल हो, जिसमें प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध और कचरा प्रबंधन की सख्त व्यवस्था हो।

मुंबई के इतने करीब होने के बावजूद, लोकल ट्रेनों की भीड़ और खस्ताहाल सड़कें पर्यटकों को यहाँ आने से रोकती रही हैं। लेकिन आगामी कुछ वर्षों में यह परिदृश्य पूरी तरह बदलने वाला है। वर्तमान में निर्माणाधीन और स्वीकृत तीन बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं वसई के पर्यटन को सीधा संबल देने जा रही हैं। पहली परियोजना उत्तन-विरार सी लिंक है। लगभग 55 किलोमीटर लंबा यह कोस्टल रोड प्रोजेक्ट जब मुंबई के पश्चिमी उपनगरों को सीधे विरार और वसई से जोड़ेगा, तो दक्षिण और मध्य मुंबई के पर्यटकों के लिए वसई की दूरी महज कुछ मिनटों की रह जाएगी। दूसरी महत्वपूर्ण परियोजना मुंबई मेट्रो लाइन 13 है, जो मीरा-भयंदर से वसई-विरार को जोड़ेगी। मेट्रो का यह संजाल मुंबई के आम मध्यवर्गीय नागरिकों को सप्ताहांत पर बिना किसी ट्रैफिक जाम के वसई के समुद्र तटों और ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंचने का एक किफायती और सुलभ साधन प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, रेलवे द्वारा वसई रोड स्टेशन पर एक आउटस्टेशन टर्मिनस का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस टर्मिनस के चालू होने से देश के अन्य राज्यों (जैसे गुजरात, राजस्थान और उत्तर भारत) से आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें सीधे वसई रुक सकेंगी, जिससे राष्ट्रीय स्तर के पर्यटकों का आगमन सुलभ होगा।

हालांकि, इन सभी बड़ी परियोजनाओं की समयसीमा को लेकर आम जनता और विशेषज्ञों में एक स्वाभाविक संशय बना रहता है। भारत में बुनियादी ढांचा परियोज-नाओं का समय पर पूरा न होना एक पुरानी बीमारी रही है। यदि मेट्रो लाइन 13 या सी-लिंक जैसी परियोजनाएं प्रशासनिक लेती-देती या भूमि अधिग्रहण के विवादों में उलझती हैं, तो वसई का पर्यटन विकास भी अधर में लटका रहेगा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि जिस गति से वर्तमान में काम चल रहा है, इन सभी कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स को पूरी तरह संचालित होने में वर्ष 2028 से 2029 तक का समय लग सकता है। इसका सीधा अर्थ यह है कि अगले तीन से चार साल वसई के लिए 'परिव-र्तन काल' (Transition Period) होने वाले हैं।

**अशोक भाटिया**

# संवत्सरी महापर्व

संवत्सरी एक अध्यात्म- पर्व हैं । आध्यात्मिक चेतना को जगाने का पर्व हैं । ऐसा नहीं हैं कि आध्यात्मिक चेतना को जगाने की जरूरत सिर्फ जैनों को हैं , दूसरों को नहीं हैं । यह तो मानी हुई बात हैं और बहुत जरूरी भी है कि सबकी आध्यात्मिक चेतना जागे , किंतु चाहने भर से क्या होता हैं? इसके लिए प्रयत्न करना पड़ता हैं । हम विचार करें कि पर्युषण पर्व के आठ दिन धर्माराधना के होते हैं, क्यों न इसके साथ- साथ ज्ञानाराधना भी हों अर्थात् कुछ अलग से भी हमारा चिंतन चले और चिंतन इस विषय पर चले कि वर्तमान जगत को अध्यात्म की सबसे ज्यादा जरूरत हैं और अध्यात्म के द्वारा हम युगीन समस्याओं को सुलझा सकतें हैं। अध्यात्म की शक्ति और उसका वीर्य क्या हैं? इस बात का भी चिंतन होना चाहिए । संवत्सरी महापर्व सामुदायिक जीवन जीने की कला का महाग्रंथ हैं । हमें इसको पढ़ना चाहिए । व्यक्ति अकेला नहीं हैं । यदि अकेला होता तो अलग- अलग प्रकार की जीवनशैली की आवश्यकता नहीं होती , किंतु व्यक्ति और उसकी जीवनशैली अलग - अलग हैं । समुदाय और संगठन हैं, संस्था है तो फिर सामुदायिक जीवन शांतिपूर्ण कैसे रहें? इस पर विचार करना जरूरी हो जाता हैं । साथ में रहना और शांति से रहना कठिन बात हैं । क्षमा और सहिष्णुता सामाजिक जीवन को सरस और सुदृढ़ बनाने वाले सूत्र हैं । भीतरी ग्रंथियों को खोलने वाले सूत्र हैं । इन सारे सूत्रों को समझने और व्यवहार में लाने का कोई दिन है तो वह हैं पर्युषणा का दिन, संवत्सरी का दिन । पर्युषणा का मतलब ही हैं आत्मलीनता । आत्मा के आसपास रहने का नाम हैं पज्जुसणा । चार महीने तक हम आत्मा में रहें । चार महीने संभव न हों सकें तो आठ दिन हम आत्मा के पास रहें । आठ दिन भी कोई रह न सके तो एक संवत्सरी के दिन तो आत्मा के पास रहें ही । यह आत्मा की सन्निधि में रहने का दिन हैं । संवत्सरी महापर्व अध्यात्म की चेतना को जगाने का पर्व हैं । आज सबसे महत्वपूर्ण दिन संवत्सरी महापर्व का दिन हैं जिसे पर्वाधिराज होने का गौरव प्राप्त हैं । जैन आम्नाय की दो परंपराओं के जैन श्वेताम्बर के विभाग में भाद्रव शुक्ला चतुर्थी अथवा पंचमी को संवत्सरी महापर्व आयोजित होता है।

**› प्रदीप छाजेड़**

## पाठकों के लिए यह ...

प्रमोद दीक्षित मलय

# पृथ्वी के सुरक्षा कवच ओजोन का संरक्षण आवश्यक

वह वर्ष 1985 का एक सामान्य दिन था। मैं कक्षा नौवीं का विद्यार्थी था। सुबह दैनंदिन प्रार्थना के बाद हम सभी विद्यार्थी कक्षा में बैठे विषय सम्बंधित बातचीत में तल्लीन थे कि कक्षाध्यापक उपस्थिति पंजिका लिए कक्षा में दाखिल हुए। हाजिरी भर कर बोले, बच्चो ! पृथ्वी के जीवन पर बहुत बड़ा संकट आ चुका है और तुम लोग बतकही में लगे हो।₹ कक्षा में सन्नाटा पसरा गया। वह आगे बोले कि पृथ्वी के वायुमंडल में लगभग 20 किमी ऊपर समताप मंडल में 10 से 40 किमी मोटी ओजोन गैस की एक परत होती है जो सूरज से निकलने वाली हानिकारक पैराबैंगनी किरणों को सोख लेती है। यदि ये किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ने लगें तो मनुष्यों को कैंसर और मोतियाबिंद का रोगी बना देंगी और वनस्पति को बहुत क्षति पहुंचेगी। तब पशु-पक्षियों और मनुष्यों का जीवन पर संकट आ जायेगा। अंटार्कटिका क्षेत्र के ऊपर ओजोन परत में बहुत बड़ा छिद्र देखा गया है। यह ओजोन परत के सम्बंध में हमारी पहली जानकारी थी।इतना सुनकर हम बच्चों के दिल-दिमाग में डर की लहर दौड़ गई। जीवन के पांच दशक बाद भी वह डर आज भी हावी है क्योंकि ओजोन परत का छिद्र मानव सभ्यता एवं प्रकृति के लिए संकट बना हुआ मानवीय जीवन शैली को प्रकृति अनुरूप जीने का संकेत कर रहा है और इसी लिए 1995 से



प्रत्येक वर्ष 16 सितम्बर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है।

विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर ओजोन परत के संरक्षण के लिए जन जागरूकता के प्रसार एवं मांट्रियल प्रोटोकाल की अनुशंसाओं को लागू करने के लिए वैश्विक आयोजन किये जाते हैं। उल्लेखनीय है कि 16 सितम्बर, 1987 को कनाडा के मांट्रियल नगर में आयोजित पर्यावरणीय बैठक में 31 देशों ने सहभागिता करके ओजोन परत में हो रहे छिद्र के समाधान हेतु एक नीतिगत दस्तावेज तैयार किया था जिसे 'मांट्रियल प्रोटोकाल' कहा जाता है। इसके अंतर्गत ओजोन परत के क्षरण के जिम्मेदार रसायन क्लोरो फ्लोरो कार्बन, हेलॉन, मिथाइल क्लोराइड, मिथाइल ब्रोमाइड और ट्रेटा क्लोराइड के उत्पादन एवं उपभोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की पैरवी की गई है। मांट्रियल प्रोटोकाल को 1 जनवरी, 1989 से लागू किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ के इतिहास में यह सबसे बड़ा पर्यावरण सुधार समझौता कहा जाता है जिसे सभी सदस्य देशों की सहमति-स्वीकृति मिली हुई है। मांट्रियल प्रोटोकाल का लक्ष्य वर्ष 2050 तक ओजोन को नुक्सान पहुंचाने वाले सभी रसायनों पर नियंत्रण प्राप्त करना है। उल्लेखनीय है कि ओजोन परत की खोज वर्ष 1913 में फैबरी चार्ल्स एवं हेनरी बुसॉन द्वारा की गई थी। ओजोन परत को नापने की इकाई डाब्सन कहलाती है।

पाठकों के लिए यह जानना उपयोगी एवं रोचक होगा कि पृथ्वी के चतुर्दिक पंच स्तरीय वायुमंडल का घेरा होता है। पहली निचली परत 18-20 किमी क्षोभमंडल जहां वर्षा, बादल, आंधी, तूफान आदि क्रियाएं होती है। उसके आगे 15 से 45 किमी समताप मंडल जहां ओजोन द्वारा पराबैंगनी किरणों को सोखा जाता है। यह वायुक्षेत्र विमान उड़ाने के लिए उपयुक्त है। उसके आगे 50 से 80 किमी का कम तापमान वाला ठंढ़ा मध्य मंडल का क्षेत्र होता है जहां अंतरिक्ष से गिरने वाले अधिकांश उल्कापिंड प्रवेश करते ही जल जाते हैं। फिर 80 से 600 किमी का आयनित कणों वाला आयन मंडल आता है जो रेडियो तरंगों को परावर्तित कर पृथ्वी पर वापस भेज देता है। 600 से 10000 किमी के विस्तार क्षेत्र वाली अंतिम सबसे ऊपरी परत बहिर्मंडल परत कहलाती है, जहां वायु का प्रतिरोध न के बराबर होता है। यहीं पर कृत्रिम उपग्रह तैरते हुए पृथ्वी का चक्कर लगाते हैं।

समताप मंडल में स्थित ओजोन परत 99 प्रतिशत पराबैंगनी किरणों को अवशोषित कर पृथ्वी के जीवन की रक्षा करती है, इसे पृथ्वी का सुरक्षा कवच कहना उचित ही है। मानव निर्मित क्लोरोफ्लोरो कार्बन रसायन कम क्रियाशील होने के कारण क्षोभमंडल पार कर समताप मंडल में पहुंच पराबैंगनी विकिरण से क्रिया करके क्लोरीन मुक्त करती है जो ओजोन का क्षय करती है। ओजोन एक नीले रंग की तीव्र गंध वाली गैस है जो जीवन के लिए अपरोक्ष रूप से आक्सीजन से भी अधिक महत्वपूर्ण है। शोध निष्कर्ष है कि 1970 के बाद प्रति दशक 4 प्रतिशत ओजोन क्षय हो रहा है।

## किसान श्री ...

डॉ. मनोज चंद्रा

# जनपद आजमगढ़ के ग्राम कोहड़ौली के किसान ने वैज्ञानिक खेती से उड़द उत्पादन में रचा नया कीर्तिमान

प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में, छोटे एवं सीमांत कृषकों की आय दोगुनी करने, वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने तथा 'अन्नदाता से उद्यमी' बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार सतत कार्य कर रही है। राज्य सरकार की समयबद्ध योजनाओं, अनुदानों, फसल बीमा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा कृषि यंत्रों पर सब्सिडी जैसी सुविधाओं से आजमगढ़ जनपद सहित समूचे प्रदेश में उड़द, धान, गेहूं एवं तिलहनी फसलों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विकास खण्ड मार्टिंगंज के ग्राम कोहड़ौली के लगनशील किसान श्री सुशील कुमार सिंह की यह सफलता गाथा इन्हीं प्रयासों का एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

श्री सुशील कुमार सिंह पुत्र श्री श्रीनाथ जनपद आज़मगढ़ के विकास खण्ड मार्टिंगंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोहड़ौली के मूल निवासी हैं। जिनकी शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल है। सीमित शैक्षिक पृष्ठभूमि होने के बावजूद वे स्वभाव से अत्यंत जिज्ञासु, मेहनती और प्रगतिशील किसान हैं, उन्होंने खेती को केवल परम्परा नहीं, बल्कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक के साथ एक लाभदायक व्यवसाय के रूप में अपनाया है। अपनी लगन और सीखने की निरन्तर इच्छा के कारण उन्होंने अपने क्षेत्र में एक विशिष्ट व अनुकरणीय पहचान बनाई है। श्री सुशील कुमार सिंह सामान्य श्रेणी के कृषक हैं, जिनके पास कुल लगभग 0.40 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। इतनी कम जोत होने के बावजूद उन्होंने खेती को ही अपना प्रमुख व्यवसाय मानते हुए भूमि के सूक्ष्म प्रबंधन, उन्नत किस्मों के चयन और वैज्ञानिक पद्धतियों से उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया। वे नियमित रूप से कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों से मार्गदर्शन प्राप्त करते रहे और हर नई तकनीक को अपने खेत पर प्रयोग करने का साहस रखते हैं। यही कारण है कि सीमित भूमि पर भी उन्होंने अपने को क्षेत्र का प्रगतिशील किसान सिद्ध किया है। किसान श्री सिंह अपने खेत की तैयारी में गहरी जुताई, समुचित पाटा एवं समतलीकरण पर विशेष ध्यान देते हैं और वायु संचार तथा प्रकाश की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए खेती की है। उन्होंने मृदा परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाया, जिसमें नत्रजन, फास्फोरस पोटाश के साथ-साथ जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का समुचित उपयोग किया है। उन्होंने फसल की निकाई-गुड़ाई, अंतर सिंचाई तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए कृषि विभाग द्वारा दिये गये तकनीकी सुझावों का दृढ़ता से पालन किया। कृषि विभाग के कर्मियों द्वारा समय-समय पर आयोजित गोष्ठियों एवं खेत दिवसों में भाग लेकर श्री सुशील कुमार सिंह ने उड़द की उन्नत किस्मों, बीज उपचार, समेकित कीट प्रबंधन तथा खरपतवार नियंत्रण के आधुनिक तरीकों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने फसल चक्र, अवशेष प्रबंधन एवं जैविक विधियों को भी अपनी खेती में सम्मिलित किया, जिससे मृदा स्वास्थ्य में सुधार हुआ और लागत में कमी आई।

## जरा हटके

## व्यवसाय की बाजार...

डॉ सीमा गुप्ता

# अमेठी में स्वयं सहायता समूहों से संवरती ग्रामीण महिला उद्यमिता

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक असमानता को दूर करने और महिला सशक्तीक-रण को गति देने के एक अत्यंत प्रभावी माध्यम के रूप में उभरा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण निर्धन परिवारों की महिलाओं को संगठित कर उन्हें सतत स्वरोजगार, वित्तीय साक्षरता और सूक्ष्म उद्यमों से जोड़ना है। राज्य सरकार की इस सुनियोजित कार्ययोजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में स्वयं सहायता समूहों का एक सुदृढ़ सामाजिक ढांचा तैयार किया गया है, जो महिलाओं को पारंपरिक घरेलू परिधि से बाहर निकालकर आत्मनिर्भरता की मुख्यधारा में स्थापित कर रहा है।

मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए त्रिस्तरीय वित्तीय व्यवस्था की गई है, जिसमें परिक्रामी निधि (रिवॉल्विंग फंड), सामुदायिक निवेश कोष (सीआईएफ) और बैंकों के माध्यम से रियायती ब्याज दरों पर कैश क्रेडिट लिमिट (सीसीएल) की सुविधा सम्मिलित है। वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुँचाने के उद्देश्य से क्रियान्वित 'बीसी सखी' (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी) और ग्रामीण महिलाओं की वार्षिक आय को एक लाख रुपये से अधिक करने के लक्ष्य पर केंद्रित 'लखपति दीदी' जैसी पहलों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा में बुनियादी सुधार किए हैं। वर्तमान में ये समूह न केवल कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में उत्पादन कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय उत्पादों को सरस मेलों और डिजिटल विपणन मंचों से जोड़कर बाजार तक अपनी पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं।

इस राज्यव्यापी अभियान के क्रियान्वयन में जनपद अमेठी एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में सामने आया है। जिला प्रशासन के नेतृत्व और सतत पर्यवेक्षण में जनपद के सभी विकासखंडों में मिशन की गतिविधियों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया गया है। जिला प्रशासन ने स्वयं सहायता समूहों के गठन, उनके क्षमता संवर्धन, कौशल विकास और संस्थागत ऋण लिंकेज की एक पारदर्शी व्यवस्था विकसित की है। ग्रामीण महिलाओं को केवल वित्तीय सहायता देने तक सीमित न रखकर उन्हें स्थानीय मांग के अनुरूप सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का व्यावहारिक तकनीकी प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे अमेठी में सूक्ष्म महिला उद्यमों का एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हुआ है।

जनपद अमेठी के विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत लुगरी की निवासी गायत्री देवी की उद्यमशी-लता इस प्रशासनिक एवं नीतिगत प्रयास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। सीमित संसाधनों और आजीविका के अभाव से संघर्ष करते हुए एक साधारण ग्रामीण महिला का सफल उद्यमी बनने का यह सफर राज्य सरकार के आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों की सार्थकता को दर्शाता है। करीब सात वर्ष पूर्व गायत्री देवी पारिवारिक कारणों से अन्य महानगर से अपने पैतृक गांव लुगरी लौटी थीं। उस समय परिवार के समक्ष नियमित आय का कोई ठोस साधन नहीं था तथा आर्थिक संकट दैनिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा था।

आर्थिक अनिश्चितता के इस दौर में जिला प्रशासन द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उनका संपर्क राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से हुआ। गायत्री देवी ग्राम स्तर पर कार्यरत 'जय मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह' की नियमित सदस्य बनीं। समूह की साप्ताहिक बैठकों ने उन्हें लघु बचत, आंतरिक लेन-देन और वित्तीय अनुशासन के महत्व से अवगत कराया। इसके साथ ही, मिशन के तहत आयोजित कौशल विकास कार्यक्रमों ने उनके भीतर उद्यमिता की भावना को जागृत किया। उन्होंने बाजार में एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पर्यावरण-अनुकूल दोना-पत्तल की निरंतर बढ़ती मांग को भांपते हुए इसे उद्यम के रूप में अपनाने का निर्णय लिया।

व्यवसाय की बाजार में मांग और चलन को देखते हुए वर्ष 2022 में समूह के माध्यम से उन्हें 17,500 रुपये की वित्तीय सहायता (स्टार्टअप एवं रिवॉल्विंग फंड) प्रदान की गई। गायत्री देवी ने इस प्रारंभिक पूंजी में समूह से प्राप्त आंतरिक ऋण और अपनी लघु बचत को जोड़कर दोना-पत्तल निर्माण की मशीन स्थापित की। तकनीकी ज्ञान, कच्चे माल के स्रोत और पैकेजिंग की बारीकियां उन्होंने प्रशिक्षण सत्रों के दौरान सीखी थीं। उत्पादन इकाई शुरू करने के पश्चात प्रारंभिक स्तर पर विपणन एक बड़ी चुनौती थी, जिसके समाधान के लिए परिवार के श्रम को संगठित किया गया। उनके पति शिव प्रसाद ने तैयार उत्पादों को स्थानीय बाजारों, साप्ताहिक हाटों और खुदरा दुकानों तक पहुंचाने का दायित्व संभाला। गुणवत्ता, स्वच्छता और समयबद्ध आपूर्ति के सिद्धांतों पर टिके रहने के कारण स्थानीय बाजार में उनके उत्पादों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ी। शुरुआती दौर में सीमित उत्पादन से आरंभ हुआ यह सूक्ष्म उद्यम वर्तमान में लगभग 1,00,000 रुपये के मासिक टर्नओवर तक पहुँच चुका है। समस्त परिचालन व्यय, कच्चे माल की लागत और विपणन खर्च को समायोजित करने के उपरांत उन्हें प्रतिमाह 8,000 से 10,000 रुपये की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। इस आर्थिक संबल ने न केवल उनके परिवार को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है, बल्कि उन्हें मिशन के 'लखपति दीदी' मानक के अंतर्गत एक आत्मनिर्भर उद्यमी के रूप में स्थापित किया है। गायत्री देवी के इस उद्यम की सबसे उल्लेखनीय विशेषता इसका सामुदायिक विस्तार है। व्यक्तिगत सफलता को उन्होंने संपूर्ण ग्रामीण परिवेश के उत्थान का साधन बनाया। उत्पादन में वृद्धि होने पर उन्होंने जय मां दुर्गा समूह की अन्य वंचित महिलाओं को भी विनिर्माण, कच्चा माल प्रसंस्करण और पैकेजिंग के कार्यों से जोड़ा। इससे गांव की अन्य महिलाओं को भी अपने घर के पास ही सम्मानजनक कार्य और नियमित दैनिक पारिश्रमिक प्राप्त होने लगा है, जिससे उनके परिवारों की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है।

दोना-पत्तल निर्माण के साथ-साथ आजीविका के विविधीकरण की दिशा में भी पहल की गई। जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अभिसरण (कन्वर्जेंस) के माध्यम से उन्होंने समूह की महिलाओं को वैज्ञानिक पशुपालन और दुग्ध उत्पादन की गतिविधियों से जोड़ा।

# लिखा- प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढ़े चलो बढ़े चलो ■ 15 दिन पहले नौकरी छोड़ी थी

# यूपी की आईएएस दिव्या मित्तल का इस्तीफा मंजूर

**स्वीकृत**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। यूपी कैडर की IAS अधिकारी दिव्या मित्तल का इस्तीफा केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने 30 अगस्त को व्यक्तिगत कारणों, पारिवारिक प्राथमिकताओं और जीवन के नए लक्ष्यों का हवाला देते हुए सेवा से इस्तीफा दिया था।

मई में दिव्या मित्तल को देवरिया के जिलाधिकारी पद से हटाकर राजस्व विभाग में विशेष सचिव बनाया गया था। सोमवार रात करीब 11 बजे उन्होंने X पर पोस्ट


दिव्या मित्तल, 2013 बैच IAS

कर इस्तीफा स्वीकार किए जाने की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कवि जयशंकर प्रसाद के नाटक चंद्रगुप्त की पंक्ति लिखी- "प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढ़े चलो, बढ़े चलो।" दिव्या के पति गगनदीप सिंह का परिवार पंजाब के बठिंडा जिले के गिद्दड़बाहा का रहने वाला है। उन्होंने 1998 से 2002 तक IIT दिल्ली से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया। इसके बाद 2003 से 2005 तक IIM बैंगलोर से मैनेजमेंट की पढ़ाई की। गगनदीप ने 2010 में पहले ही प्रयास में UPSC पास किया था। उन्हें इंडियन ट्रेड सर्विस मिली थी। चार साल पहले, 2022 में उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में संयुक्त महानिदेशक के पद से इस्तीफा दिया था।

### लंदन में नौकरी छोड़कर सिविल सर्विस में आई थीं दिव्या

दिव्या मूलरूप से हरियाणा के रेवाड़ी की रहने वाली हैं। IIT-IIM से पढ़ाई के बाद लंदन में नौकरी की। यहीं गगनदीप सिंह से उनकी मुलाकात हुई। दोनों ने लव-मैरिज की। हालांकि, कुछ सालों बाद पति-पत्नी लंदन की नौकरी छोड़ भारत लौट आए।

दिव्या UPSC की तैयारी में जुट गईं। उन्होंने बिना कोचिंग पहले प्रयास में IPS क्लियर किया। उन्हें गुजरात कैडर मिला। IPS की ट्रेनिंग के दौरान भी दिव्या ने IAS की तैयारी जारी रखी। अगले ही साल 2013 में उनका IAS में सिलेक्शन हो गया।

### दिव्या की नौकरी अभी 17 साल बची थी

2013 बैच की दिव्या 13 साल से नौकरी कर रही थीं। अभी उनकी 17 साल की नौकरी बची थी। IIT दिल्ली से बीटेक और IIM बेंगलुरु से एमबीए की डिग्री लेने के बाद लंदन में नौकरी की। लाखों रुपए की नौकरी छोड़कर वह वापस आईं। दो साल में दो बार UPSC क्लियर किया। पहली बार में IPS बनीं। फिर अगले साल IAS बन गईं। दिव्या के पति गगनदीप सिंह भी 2011 बैच के भारतीय व्यापार सेवा (ITS) अफसर हैं। 2022 में वह भी अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। गगनदीप ने अपनी एक कंपनी 'न्यूरोकैप' बनाई है। यह कंपनी देश-विदेश से ट्रेडिंग का काम करती है। दिव्या मित्तल मिर्जापुर, बस्ती और देवरिया की डीएम रह चुकी हैं। बेहद सख्त छवि की मानी जाती हैं। अफसरों को मौके पर ही फटकार लगा देती थीं। 4 महीने पहले ही देवरिया से उनका ट्रांसफर लखनऊ हुआ था।



■ अमेरिका ने लाल सागर में अपना वॉरशिप आईजनहॉवर तैनात किया है।

# रोहिणी बेटी मायावती से लाख गुना अच्छी : करणी सेना अध्यक्ष

## इसे चंद्रशेखर के खिलाफ नगीना से चुनाव लड़ाएंगे

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ । लखनऊ में मंगलवार को करणी सेना अध्यक्ष ने सांसद चंद्रशेखर की पूर्व गर्लफ्रेंड रोहिणी घावरी को लेकर बड़ा बयान दिया। सूरज पाल सिंह अम्मू ने कहा- मेरी बेटी (रोहिणी घावरी) मायावती से लाख गुना अच्छी है और पढ़ी-लिखी है। हम रोहिणी को नगीना से सांसद का चुनाव लड़ाएंगे।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में करणी सेना ने स्वाभिमान संकल्प कार्यक्रम में रोहिणी घावरी भी पहुंची थीं। रोहिणी ने कहा- युवा आरक्षण में वर्गीकरण चाहता है। अगर सरकार ने हमारी बात नहीं मानी तो हम सरकार बदल देंगे। जिस तरह के नियम लाए जा रहे हैं, उनसे समाज में बंटवारा हो रहा है। हम बंटवारा बिल्कुल नहीं चाहते।

राम मंदिर विश्व हिंदू परिषद और RSS का ही नहीं है। मंदिर के लिए हमने भी संघर्ष किया है, हमने भी चंदा दिया है। इसलिए राम मंदिर के हिसाब का अधिकार हमें भी है। हम चाहते हैं कि देश में जाति-पाति की राजनीति न हो। अखिलेश जी, परिवारवाद से बाहर आइए। हम गरीबों की लड़ाई लड़ रहे हैं। आरक्षण से हमारी कोई लड़ाई नहीं। हम चाहते हैं कि आरक्षण ब्राह्मण, बनिया और हर गरीब को मिले। न्याय चाहिए बेटी के लिए, आरक्षण चाहिए गरीब के लिए और UJC को रोलबैक किया जाए। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा- पहले हमारे दिल की बात सुनो, हम आपकी मन की बात सुनेंगे। जब हम गरीब ब्राह्मण की बात नहीं सुनते, गरीब बनिया की बात नहीं सुनते, किसी गरीब की बात नहीं सुनते तो हम आपकी बात कैसे सुनें?"

**फास्ट न्यूज**

### गोमती नगर में भंडारे का आयोजन

लखनऊ । लखनऊ के गोमती नगर स्थित विजयंत खंड में मंगलवार को संस प्राइवेट लिमिटेड आशीर्वाद एवं कंपनी की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया।

आयोजक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दोपहर 12 बजे शुरू हुआ भंडारा शाम 7 बजे तक चला। इसमें शहर के 2000 से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उद्योग, व्यवसाय और खेल जगत से जुड़े 200 से अधिक लोग भी मौजूद रहे।

### केजीएमयू में कर्मचारियों का प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में मंगलवार को कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारी परिषद के बैनर तले कर्मचारियों ने कुलसचिव को हटाने समेत 8 सूत्रीय मांगों को लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की शुरुआत सीबी हॉस्टल से हुई। इसके बाद कर्मचारी न्यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी और नेत्र विभाग होते हुए प्रशासनिक भवन और VC कार्यालय तक पहुंचे। इस दौरान कर्मचारियों की KGMU प्रवक्ता केके सिंह से बहस भी हुई। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हो रही थी, इसलिए उन्हें सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ा।

### जन्माष्टमी के फूल प्रवाहित करने गया युवक नदी में डूबा

लखनऊ । लखनऊ में जन्माष्टमी के फूल सई नदी में प्रवाहित करने गया युवक डूब गया। दो दिन तक उसकी तलाश के बाद मंगलवार को परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, शनिवार को जन्माष्टमी का त्योहार था। रविवार सुबह करीब 11 बजे भौकापुर के रामगढ़ी गांव निवासी संदीप (29) कुछ ग्रामीणों के साथ सई नदी में फूल प्रवाहित करने गया था।

# हज-2027 के चयनित यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस

**तमसा संकेत, संवाददाता**

■ प्रमाण-पत्र 30 सितंबर तक वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य

लखनऊ। हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा सर्कुलर-13 दिनांक 15 सितंबर, 2026 जारी कर हज-2027 के चयनित हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत चयनित हज यात्रियों को प्रथम चरण में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सरकारी चिकित्सा केन्द्रों में जांच कराकर एलोपैथिक पद्धति के चिकित्सक से मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा। इसके साथ अग्रिम जमा धनराशि की रसीद एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट hajcommittee.gov.in पर 30 सितंबर, 2026 तक अपलोड किए जाने हैं। वेबसाइट पर अपलोड करने में असमर्थ यात्री अपने दस्तावेज उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति कार्यालय में 01 अक्टूबर, 2026 तक जमा कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव/कार्यपालक अधिकारी मोहम्मद तारिक ने बताया कि एनआरआई (प्रवासी भारतीय), जो अन्य देशों में निवास कर रहे हैं, उनके लिए निर्देशित किया गया है कि वे जिस देश में रह रहे हैं, वहीं के सरकारी चिकित्सालय में मेडिकल स्क्रीनिंग कराकर संबंधित रिपोर्ट हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर प्रेषित/अपलोड करें। प्रदेश के सभी जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को भी हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने चयनित हज यात्रियों से अपील की है कि वे प्रथम चरण की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर प्रमाण-पत्र एवं जांच रिपोर्ट सुरक्षित रखें।

### लखनऊ में इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

सरोजनी नगर, लखनऊ। अगरतला से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट में मंगलवार शाम कार्गो एरिया में अचानक स्मोक वार्निंग का संकेत मिला। इससे विमान में हड़कंप मच गया। पायलट ने तुरंत लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) से संपर्क कर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने के बाद विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया। इंडिगो की फ्लाइट 6E6504 अगरतला से शाम करीब 4:30 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान कार्गो क्षेत्र में स्मोक वार्निंग का संकेत मिलने पर पायलट ने विमान को लखनऊ डायवर्ट करने का फैसला किया। फ्लाइट शाम 6:29 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड हुई। विमान में 103 यात्री और 6 क्रू सदस्य सवार थे। इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिया गया। फायर एंड रेस्क्यू, एंबुलेंस, मेडिकल, सुरक्षा और टर्मिनल सपोर्ट टीमें तैनात कर दी गईं।

# योगी सरकार की पहल से बुनकर परिवारों को मिलेगा स्थायी बाजार और रोजगार

# बुनकरों के हुनर को मिलेगा सरकारी बाजार

- अस्पतालों में गूंजेगी हथकरघे की पहचान
- सरकारी अस्पतालों में बेडशीट, तकिया कवर और गॉज बैंडेज की होगी आपूर्ति
- मंत्री राकेश सचान ने कार्ययोजना जल्द अंतिम रूप देने के दिए निर्देश
- गुणवत्ता, निर्धारित मानक और समयबद्ध आपूर्ति पर विशेष जोर

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार हथकरघा क्षेत्र को मजबूत करने और बुनकरों को उनके उत्पादों के लिए स्थायी बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। अब सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में इस्तेमाल होने वाले हथकरघा निर्मित उत्पादों की खरीद के जरिए प्रदेश के बुनकरों को बड़ा और सुनिश्चित बाजार उपलब्ध कराने की तैयारी है। इससे सरकारी संस्थानों की जरूरतें पूरी होने के साथ बुनकर परिवारों को नियमित रोजगार और आर्थिक मजबूती मिलने का रास्ता तैयार होगा। मंगलवार को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, तिलक मार्ग, डालीबाग स्थित सभाकक्ष में खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग में प्रयुक्त होने वाले हथकरघा उत्पादों की खरीद एवं आपूर्ति व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में सरकारी चिकित्सा संस्थानों में हथकरघा निर्मित बेडशीट और गॉज बैंडेज की खरीद एवं आपूर्ति सुनिश्चित करने की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मंत्री राकेश सचान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपूर्ति व्यवस्था को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। सरकार का उद्देश्य सरकारी खरीद को केवल सामान की खरीद तक सीमित रखना नहीं, बल्कि इसके माध्यम से बुनकर परिवारों को निरंतर रोजगार, स्थायी बाजार और आर्थिक मजबूती देना है।

### गुणवत्ता और समयबद्ध आपूर्ति पर जोर

मंत्री ने निर्देश दिए कि चिकित्सा संस्थानों को उपलब्ध कराए जाने वाले उत्पाद निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले होने चाहिए। इसके साथ ही प्राथमिकता के आधार पर अंतिम रूप देने और आवश्यक दिशा-निर्देश शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनिल सागर, विशेष सचिव शेषमणि पांडेय, संयुक्त आयुक्त पीसी ठाकुर सहित चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश भर में चलायेगा सघन जागरूकता एवं टीकाकरण अभियान

# अभियान के दौरान पशुचिकित्सकों की विशेष टीमें गांव-गांव पहुंचेगी

■ बीमारियों से बचाव एवं योजनाओं की देंगे जानकारी लम्पी स्किन डिसीज से बचाव के लिए विशेष सघन टीकाकरण अभियान भी संचालित

**तमसा संकेत, एजेंसी**



**पशुओं में नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान, पशुओं की इयर टैगिंग तथा पशुओं में स्वदेशी नस्लों का संवर्धन एवं निराश्रित गोवंश का संवर्धन एवं गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार एवं शासन की विभिन्न हितकारी योजनाओं का लाभ सीधे पशुपालकों तक पहुंचाया जायेगा।**

लखनऊ । पशुपालन विभाग ''आपके द्वार'' पहल के तहत सेवा संकल्प अभियान 2026 (17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक) के दौरान प्रदेश भर में सघन जन जागरूकता व टीकाकरण का विशेष अभियान संचालित करेगा। इस दौरान पशुचिकित्सकों की विशेष टीमें गांव-गांव पहुंच कर पशुओं का टीकाकरण करेंगी और उनके द्वारा बीमारियों से बचाव हेतु पशु स्वास्थ्य परीक्षण के साथ जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। साथ ही लम्पी स्किन डिसीज से बचाव के लिए विशेष सघन टीकाकरण अभियान भी चलाया जायेगा। सभी पशुपालक अपने निकटतम पशु चिकित्सा शिविरों/पशु-चिकित्सालाओं में पहुंचकर इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं तथा किसी भी समस्या एंव समाधान हेतु टोल फ्री नं0 1962 तथा 1800-180-5141 पर संपर्क कर सकते हैं। पशुपालन विभाग के निदेशक (रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र) डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सेवा संकल्प अभियान के दौरान संक्रामक बीमारियों से बचाव व जन जागरूकता के लिए पशुपालकों को पशुओं में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक किया जायेगा तथा संबंधित बीमारियों के लिए औषधि एवं प्रचार-प्रसार सामग्री का निःशुल्क वितरण भी किया जायेगा। इस दौरान पशु रोग नियंत्रण हेतु बड़े स्तर पर सघन टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जायेगा और बीमार पशुओं के त्वरित इलाज के लिए निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किये जायेगे। लम्पी स्किन डिसीज पर विशेष फोकस किया जायेगा। गोवंश को लम्पी वायरस से सुरक्षित रखने के लिए पूरे प्रदेश में प्राथमिकता के आधार पर व्यापक व सघन टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत मा0 प्रधानमंत्री जी के विजन ''विकसित भारत 2047'' बनाये जाने के संकल्प को पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

### अयोध्या गोलीकांड में घायल महिला की लखनऊ में मौत

लखनऊ। लखनऊ में अयोध्या के कंदैला गोलीकांड में घायल राम लगन मौर्य की मां पार्वती देवी की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। 25 अगस्त को हुई फायरिंग में पार्वती देवी घायल हुई थीं। हालत गंभीर होने पर उन्हें अयोध्या से लखनऊ के KGMU रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे पहले उनके बेटे राम लगन मौर्य की भी मौत हो चुकी है। मां-बेटे की मौत के बाद मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे लखनऊ में मोर्चरी के बाहर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। लोगों ने हंगामा करते हुए फरार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा- अयोध्या पुलिस-प्रशासन दो-तीन और लाशें गिरने का इंतजार कर रहा है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा- अयोध्या में गोलीबारी और बमबारी कर राम लगन मौर्य की हत्या की गई थी।

# प्रिया सरोज-रिंकू सिंह की शादी 4 दिसंबर को लखनऊ के रमाडा होटल में होगी

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ । समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की शादी की तारीख तय हो गई है। दोनों 4 दिसंबर को लखनऊ के रमाडा होटल में शादी के बंधन में बंधेंगे। शादी की तारीख तय होने के बाद से दोनों के परिवार इसकी तैयारियों में जुटे गए हैं।

शादी में परिवार के सदस्यों के अलावा करीबी रिश्तेदार और खास मेहमान शामिल हो सकते हैं। रिंकू सिंह भारतीय क्रिकेट टीम के चर्चित खिलाड़ियों में शामिल हैं। वहीं, प्रिया सरोज उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से समाजवादी पार्टी की सांसद हैं।

8 जून, 2025 को क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी लखनऊ के 'द सेंट्रम' होटल में हुई थी। तब रिंकू और प्रिया एक-दूसरे का हाथ पकड़कर हॉल में पहुंचे थे। स्टेज पर रिंकू ने प्रिया को रिंग पहनाई, तो वह भावुक हो गईं और फफककर रो पड़ी थीं। इसके बाद दोनों ने हाथ उठाकर प्यार का इजहार किया और सेरेमनी में आए लोगों को थैंक्यू कहा था। इस दौरान प्रिया ने पिंक लहंगा पहना था और रिंकू व्हाइट शेरवानी पहने थे। रिंग सेरेमनी के समय बैकग्राउंड में शाहरुख खान की फिल्म डंकी का गाना ओ माही, ओ माही बज रहा था। रिंग सेरेमनी के बाद रिंकू और प्रिया ने केक काटा और एक-दूसरे को खिलाया था। इसके बाद मेहमानों और परिवार-वालों के साथ प्रिया-रिंकू ने जमकर डांस किया था। प्रिया ने रिंकू को कोलकाता से मंगवाई गई डिजाइनर रिंग पहनाई, जबकि रिंकू ने प्रिया को मुंबई से खरीदी गई डिजाइनर रिंग पहनाई थी। दोनों अंगूठियों की कीमत 2.5 लाख रुपए थी।

## योजना : बोले- प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था चौपट, भ्रष्टाचार की हद हो गई

# 2027 में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय : अखिलेश

**तमसा संकेत, संवाददाता**





लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के भविष्य और आने वाली पीढ़ी की खुशहाली के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना लोकतंत्र के हित में जरूरी है। प्रदेश की पूरी प्रशासनिक व्यवस्था चौपट हो चुकी है और भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की हद हो गई है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए को एकजुट कर उत्तर प्रदेश से भाजपा सरकार का सफाया करने के लिए संकल्पित है। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने कार्यकाल में कोई नई योजना लागू करने में सफल नहीं रही है। दिखावे के लिए भी भाजपा के पास समाजवादी सरकार के समय किए गए विकास कार्य ही हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जापानी डेलीगेशन लखनऊ आया था, जिसे महिला सुरक्षा के लिए समाजवादी सरकार के दौरान शुरू किए गए वूमेन पावर डायल-1090 के बारे में बताया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश के नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है और वे परेशान होकर आत्महत्या करने तक को मजबूर हैं। लोगों को समय पर इलाज और शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने स्कूलों के बंद होने का भी मुद्दा उठाया। साथ ही आरोप लगाया कि पीडीए समाज के लोगों पर अत्याचार किया जा रहा है।

### 'नफरत की राजनीति कर समाज को बांट रही भाजपा'

सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा नफरत की राजनीति कर समाज को बांटने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद जनहित में कोई उल्लेखनीय काम नहीं हुआ। महिला अपराध, फर्जी एनकाउंटर और पुलिस हिरासत में मौतों का जिक्र करते हुए उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि महिलाएं लगातार अपमानित हो रही हैं और बच्चियों के साथ दरिंदगी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

**अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता में बने रहने के लिए समाज को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रही है। अब भाजपा सरकार के कुछ ही दिन बचे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अब समाजवादी पार्टी के नेताओं को बदनाम करने और झूठी बयानबाजी करने में लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पाप का घड़ा भर चुका है और अब वह जल्द फूटने वाला है।**

# '15 विद्यालयों में 1.5 करोड़ रुपये से बढ़ेंगी अवस्थापना सुविधाएं'

## विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर आवासीय

**तमसा संकेत, संवाददाता**

■ समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय सर्वोदय विद्यालयों में अवस्थापना और सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत' शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम'



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और विश्वस्तरीय आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के 15 सर्वोदय विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए 1.5 करोड़ रुपये (150 लाख रुपये) की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस योजना से बरेली, कौशाम्बी, अयोध्या, ललितपुर, हरदोई, आजमगढ़, बलिया, प्रयागराज, इटावा, फर्रूखाबाद, बांदा, चित्रकूट, जालौन और रायबरेली जनपदों के सर्वोदय विद्यालय लाभान्वित होंगे।

स्वीकृत धनराशि से इन विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे वहां पढ़ रहे विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, आधुनिक और सुदृढ़ शैक्षणिक माहौल मिल सके। इसके अंतर्गत हॉस्टल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, स्मार्ट क्लासरूम व प्रयोगशालाओं के रख-रखाव, मरम्मत कार्य, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता सुविधाओं और खेल परिसर के जीर्णोद्धार जैसे विभिन्न कार्य कराए जाएंगे।

**'बयान'**

हमारा लक्ष्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सुरक्षित, आधुनिक और बेहतर बुनियादी ढांचा तैयार करना है। आने वाले समय में इन विद्यालयों में तकनीक और आधुनिक सुविधाओं का समन्वय और अधिक मजबूत किया जाएगा ताकि यहां के छात्र हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकें।'

-'असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण विभाग'

## सलवार पहने पति पेड़ से लटका था ■ 1 केएम दूर नदी में मिली पत्नी, पैर बंधे थे

# यूपी में पति-पत्नी के अर्धनग्न शव मिले

घटना


मृतक
देशराज
सुषमा

तमसा संकेत, एजेंसी

बिजनौर । यूपी के बिजनौर में पति-पत्नी के शव जंगल में मिले। पति का शव पेड़ से लटका था। शरीर पर सिर्फ पत्नी की सलवार थी। अंगूठा फंदे में फंसा था। पत्नी का शव गंगा किनारे झाड़ियों में पड़ा था। लाश अर्धनग्न थी। शरीर का आधा हिस्सा पानी में था। दोनों पैर दुपट्टे से बंधे थे।

दोनों शवों के बीच करीब 1 किमी की दूरी थी। पति-पत्नी सोमवार को लकड़ी काटने के लिए घर से निकले थे। देर रात तक नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन दोनों नहीं मिले। मंगलवार सुबह फिर तलाश की गई तो घर से करीब 2 किमी दूर जंगल में दोनों के शव मिले। मामला जिला मुख्यालय से 6 किमी दूर जलालपुर काजी गांव का है। बहन का कहना है कि भाई-भाभी की हत्या हुई। भाभी के साथ दरिंदगी भी हुई है। पुलिस दो एंगल पर जांच कर रही है। पहला- पति-पत्नी की हत्या की गई। दूसरा- पति ने पत्नी की हत्या करने के बाद सुसाइड किया।



> पुलिस और परिजन मिलकर दंपती की तलाश करने लगे। देर रात तक तलाश के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह पुलिस ने परिजनों के साथ फिर से तलाश शुरू की। सुबह 10 बजे देशराज का शव पेड़ पर मिला। थोड़ी देर बाद पत्नी का शव भी नदी किनारे मिला।

जलालपुर काजी गांव का रहने वाला देशराज उर्फ छोटे (40) लकड़ी काटने का काम करता था। परिवार में पत्नी सुषमा (37), बड़ी बेटी कामनी, बेटे हनी और सिद्धार्थ और छोटी बेटी कशिश हैं। परिजनों के मुताबिक, देशराज अपनी पत्नी सुषमा के साथ सोमवार सुबह 10 बजे नहर की पटरी पर लकड़ी काटने गया था। दंपती पिछले तीन दिनों से लगातार इसी जगह लकड़ी काटने जा रहे थे। सोमवार को काफी समय बीतने के बाद भी दोनों घर नहीं लौटे तो परिवार वालों को चिंता हुई। उन्होंने दोनों की तलाश शुरू की। जंगल में एक जगह दरांती और चप्पल मिले, मगर उनका पता नहीं चला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। वारदातस्थल पर पहुंचे एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने कहा-पति-पत्नी के शव मिले हैं। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### बहन बोली- भाई-भाभी की हत्या हुई है

देशराज की बहन मोनी ने बताया कि आज जब हम गंगा के किनारे पहुंचे तो मेरी भाभी की लाश मिली। उनकी चोटी बंधी हुई थी। गले में फंदा लगा था। जब लाश को पानी से बाहर निकाला गया, तो खून बह रहा था। शरीर के निचले हिस्से में कपड़े भी नहीं थे। यह सीधा-सीधा हत्या है, आत्महत्या नहीं है। यह आत्महत्या हो ही नहीं सकती, उन्हें मारा गया है। वहीं, देशराज की बेटी कशिश का रो-रोकर बुरा हाल है। उसने बताया- मैं घर पर थी। कल सुबह मम्मी-पापा गए थे। आज उनकी लाश मिली। मम्मी-पापा की हत्या हुई है।

# चित्रकूट में भाजपा नेता के प्लॉट में विस्फोट

## विस्फोट में यूज होने वाला बारूद पटाखों वाला नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी

चित्रकूट । चित्रकूट के अशोह गांव में 12 सितंबर को भाजपा नेता जगदीश गौतम के खाली प्लॉट में भीषण विस्फोट हुआ था। इस मामले को लेकर पुलिस टीम जांच कर रही है। वहीं बम विस्फोट निरोधक दल के एक अधिकारी का कहना है, विस्फोट में यूज होने वाला बारूद पटाखों वाला नहीं बल्कि बम वाला है। ये पूरा घटनाक्रम एक साजिश के तहत किए जाने की आशंका है।

बता दें, भाजपा नेता के प्लॉट पर धमाके के बाद मौके से मानव अंग मिले थे। पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि विस्फोट में कौन व्यक्ति मौजूद था और वहां विस्फोटक सामग्री क्यों लाई गई थी? पुलिस आसपास के जिलों में भी लापता लोगों की जानकारी जुटा रही है। सोमवार को घटनास्थल पर जांच के दौरान पुलिस को सफेद शर्ट के जले हुए


जगदीश गौतम, BJP नेता

टुकड़े और कई संदिग्ध सामान मिले थे। एक पैर प्लॉट में मिला था, जबकि दूसरा करीब 300 मीटर दूर खेत में मिला। शरीर के अन्य हिस्से अभी तक नहीं मिले हैं।

पुलिस इन अवशेषों के आधार पर मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। बरामद मानव अवशेष का डीएनए सैंपल भी जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। पुलिस के मुताबिक, डीएनए रिपोर्ट आने में करीब दो महीने लग सकते हैं। बता दें, भाजपा नेता के प्लॉट में जहां ब्लास्ट हुआ था, वहां से वह 15 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय में रहते हैं।

फास्ट न्यूज

### नगर निगम में अब फर्जी नौकरी का मामला सामने आया

कानपुर। कानपुर नगर निगम में टेंडर घोटाले की जांच के बीच अब फर्जी नौकरी का मामला भी सामने आया है। मार्ग प्रकाश विभाग में लाइनमैन के तौर पर काम कर रहे एक युवक ने नगर आयुक्त से शिकायत कर 7 महीने का बकाया वेतन मांगा और दोबारा काम पर रखने की मांग की तो फर्जी तरीके से नौकरी पर रखने वाले सिंडीकेट का भी खुलासा हुआ।

### मेडिकल के स्टूडेंट ने फंदे से लटककर सुसाइड किया

कानपुर । कानपुर में रेडियोलॉजी के छात्र ने गर्लफ्रेंड के सामने रविवार को सुसाइड कर लिया। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर से उसके पिता पहुंचे। उन्होंने कहा- बेटे की गर्लफ्रेंड ने 4 दिन पहले मुझे कॉल किया था। कह रही थी कि तुम्हारे बेटे की शक्ल अच्छी नहीं है, उससे बोलो मेरे सामने न आया करे। पिता ने कहा- इसके बाद मैंने बेटे को कॉल करके कहा था कि कानपुर पढ़ाई करने के लिए भेजा है और तुम यह सब कर रहे हो। फिर अचानक बेटे के सुसाइड करने की सूचना मिली। पिता ने कहा- बेटे की गर्लफ्रेंड उसे परेशान और टॉर्चर कर रही थी।

### आगरा में पेट्रोल पंप पर आग, धुएं से अफरा-तफरी

आगरा। आगरा के प्रतापपुरा चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। धुआं उठने पर अफरा तफरी मच गई। वहां मौजूद कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। जिस समय हादसा हुआ, उस समय पेट्रोल का ट्रैंकर खाली हुआ था। आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं हुई है। पेट्रोल पंप पर धुआं उठने का वीडियो वायरल हो रहा है।

# फ्लिपकार्ट शिपमेंट में लाखों की हेराफेरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

## 40 लाख के 42 ब्रांडेड मोबाइल बरामद

तमसा संकेत, एजेंसी

बागपत। बागपत पुलिस ने फ्लिपकार्ट शिपमेंट में हेराफेरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह ने कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया था। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 40 लाख रुपये कीमत के 42 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बड़ौत निवासी हिमांशु, शामली के बाबरी निवासी अभिषेक और बागपत निवासी अनिल के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, गिरोह का मुख्य आरोपी और हब इंचार्ज आशीष चौधरी अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं।

पकड़े गए आरोपी पिछले करीब डेढ़ साल से शिपमेंट में हेराफेरी कर कंपनी को नुकसान पहुंचा रहे थे।



जांच में सामने आया कि आरोपी शिपमेंट की अनलोडिंग के दौरान कैमरों से बचकर पार्सल से महंगे मोबाइल चुरा लेते थे। इन ब्रांडेड मोबाइलों को उत्तराखंड के अलग-अलग शहरों में बेचा जाता था।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने अब तक कंपनी को 77 लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से विभिन्न कंपनियों के 42 मोबाइल बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और फरार मुख्य आरोपी की भूमिका की जांच कर रही है।

## रास्ते में रोका, सीने में मारी गोली, लड़की भगाने के आरोप में बेटा जेल में बंद

# बहन के प्रेमी के पिता की हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में मंगलवार सुबह प्राइवेट फैक्ट्री के सिक्योरिटी गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह साइकिल से ड्यूटी पर जा रहा था। तभी हमलावरों ने उसे रोककर सीने में गोली मार दी।

मृतक का बेटा गांव की एक लड़की को भगाकर ले जाने के आरोप में जेल में है। इसी रंजिश में हत्या की आशंका जताई जा रही है। दो दिन पहले इसी मामले को लेकर गांव में पंचायत हुई थी।

पंचायत में लड़की ने लड़के के पक्ष में बयान दिया था। इसके बाद उसे नारी निकेतन भेज दिया गया। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में पिनना चौराहे के पास सुबह 10:30 बजे हुई। शाहपुर थाना क्षेत्र के किनोनी गांव के रहने वाले सुभाष (50) बुढ़ाना मोड़ स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड थे। परिवार में पत्नी ममता उर्फ पिंकी और दो बेटे सागर (26) और आकाश (25) हैं। सुभाष के पास 7 बीघा जमीन है, जिस पर परिवार खेती करता है।

इसी गांव में सतेंदर का परिवार भी रहता है। उनके बेटे हरिओम उर्फ शुभम (25) और 22 साल की बेटी है। सतेंदर के पास 18 बीघा जमीन है और परिवार खेती करता है। सुभाष के बेटे आकाश का सतेंदर की बेटी से अफेयर था। दोनों एक ही जाति के हैं, लेकिन उनके परिवार शादी के लिए राजी नहीं थे।

सुबह सुभाष घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। तभी कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और सीने में गोली मार दी। परिजनों की तरफ से हत्या का आरोप लड़की के भाई हरिओम और पिता सतेंदर पर लगाया जा रहा है।


सुभाष, मृतक



> एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया किङ्घ अफेयर को लेकर रंजिश का एंगल सामने आया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### एक महीने पहले लड़की को लेकर फरार हुआ था आकाश

एक महीने पहले आकाश लड़की को लेकर घर से चला गया था। लड़की के परिवार ने आकाश के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों को बरामद कर आकाश को जेल भेज दिया, जबकि लड़की को मेरठ के नारी निकेतन भेज दिया गया। इसके बाद दोनों परिवारों में विवाद बढ़ गया।

इसी मामले को लेकर दो दिन पहले गांव में पंचायत हुई। पंचायत में लड़की ने आकाश के पक्ष में बयान दिया। इसके बाद उसे दोबारा नारी निकेतन भेज दिया गया।

## काला कपड़ा ओढ़कर घुसा, 7 घंटे खंगाला, मथुरा में 36 घंटे में पकड़ा गया पूर्व कर्मचारी

# शोरूम से 14 करोड़ का सोना 15 लाख कैश चोरी

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा । मथुरा में ज्वेलरी शॉप से 7 घंटे में 10.50 किलो सोना और 15 लाख की नकदी चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया। सोने की कीमत 14 करोड़ बताई गई है। बताया जा रहा है कि चोरी करने वाला कारोबारी का पूर्व कर्मचारी पप्पू है। उसे 6 महीने पहले दुकान से निकाल दिया गया था। पुलिस ने उसके पास से 8 किलो सोना और 11 लाख रुपए बरामद किए हैं।

आरोपी दुकान में लगे सीसीटीवी की DVR अपने साथ ले गया था। वारदात के खुलासे के लिए SSP श्लोक कुमार ने 10 टीमें लगाई थीं। पुलिस ने दुकान और उसके आसपास लगे 125 से अधिक CCTV खंगाले। इसमें पप्पू दुकान से निकलकर कहां गया, यह देखा गया। कुछ कैमरों में पप्पू नजर आया। पुलिस ने सीसीटीवी ज्वेलर को दिखाया, तो उन्होंने आशंका जताई कि सीसीटीवी में दिखने वाला शख्स पप्पू लग रहा है। वह दुकान में पहले काम करता था। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया।


पप्पू, आरोपी



### 7 घंटे में 14 करोड़ का सोना और नकदी ले गया

अमित कुमार सर्राफ बलदेवगंज में रहते हैं। उनका सर्राफा बाजार में जुगल किशोर अमित कुमार एंड संस के नाम से शोरूम है। रविवार (13 सितंबर) रात उनके शोरूम में चोरी हो गई। चोर उनकी दुकान से 10.50 किलो सोना और 15 लाख की नकदी ले गया।

पुलिस की जांच में पता चला कि पप्पू रविवार रात करीब 9 बजे पड़ोसी दुकान की छत पर चढ़ा। फिर अमित के शोरूम की छत पर पहुंचा। इसके बाद छत पर लगे लोहे के जाल को कटर से काटा। रात 9:57 बजे वह शोरूम के अंदर घुस गया। शोरूम के स्ट्रांग रूम का दरवाजा काटा। फिर वहां रखी चाबी से तिजोरी खोली। सोना और नकदी निकाल कर एक बैग में भरी। फिर सुबह करीब सवा पांच बजे पप्पू शोरूम से बाहर निकल गया।

जाते समय वह सीसीटीवी की डीवीआर भी साथ ले गया, जिससे रिकॉर्डिंग किसी के हाथ न लगे। चोर शोरूम में करीब 7 घंटे तक रहा।

# रिश्वत मामले में डा. सतीश शर्मा को हाईकोर्ट से जमानत

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ । मेरठ में गांधी बाग के राजस्व ठेके से जुड़े तीन लाख रुपये की कथित रिश्वत के मामले में जेल में बंद कैंट बोर्ड के पूर्व मनोनीत सदस्य डा. सतीश शर्मा को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। सोमवार को जमानत आदेश हाईकोर्ट के पोर्टल पर अपलोड होने के बाद देर शाम उन्हें गाजियाबाद की डासना जेल से रिहा कर दिया गया।

करीब साढ़े तीन महीने से जेल में बंद डा. सतीश शर्मा की सीबीआई कोर्ट से जमानत अर्जी पांच अगस्त को खारिज हो गई थी, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था।

डा. सतीश शर्मा की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को हाईकोर्ट के पोर्टल पर जमानत संबंधी आदेश अपलोड किए गए। आदेश की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें डासना जेल से रिहा कर दिया गया। गांधी बाग के राजस्व ठेके को लेकर ठेकेदार विक्की कश्यप ने शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर सीबीआई की गाजियाबाद ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया। 30 मई को सीबीआई टीम ने डा. सतीश शर्मा को उनके अंसल टाउन स्थित आवास से तीन लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था।

सीबीआई का आरोप था कि यह रकम ठेकेदार से ली गई थी।



■ सीबीआई कोर्ट से जमानत खारिज होने पर हाईकोर्ट पहुंचे थे पूर्व मनोनीत कैंट बोर्ड सदस्य

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पीआरडी जवानों...

आज उसे फिर से शुरू करने का प्रस्ताव मंजूर किया है। प्लांट में जो एथेनॉल गन्ने और धान से बनाया जाएगा। ये प्लांट 11 महीने चलेगा। एक साल में 3.96 करोड़ लीटर एथेनॉल बनेगा।

यह एक्सटेंशन प्लांट है। जैसे ही गन्ने की उपलब्ध बढ़ेगी वैसे ही शुगर उत्पन्न करना शुरू किया जाएगा। इसमें 200 करोड़ की लागत आएगी। गोदाम और कॉम्प्लेक्स बनाने की भी संभावना है। 96 एकड़ जमीन उपलब्ध है, इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

शुगर फैक्ट्री के लिए 50 लाख टन गन्ना चाहिए। लेकिन इतनी उपलब्धता नहीं होने के कारण अभी एथेनॉल प्लांट लगाएंगे। सपा सरकार में एक भी रुपए का भुगतान नहीं किया गया इसलिए यह फैक्ट्री बंद हुई थी। वरना यह फैक्ट्री 1250 टीसीबी की बनी थी, गन्ना ज्यादा होने के इसकी क्षमता 2500 टीसीबी की गई थी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ और बढ़नी और हरदोई के सवायजपुर में नए बस स्टैंड बनाए जाएंगे। इसके लिए राजस्व विभाग की जमीन परिवहन विभाग को दी जाएगी।ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर (ATS) बनाने के नियमों में भी बदलाव किया गया है। अभी ATS के लिए कम से कम ढाई एकड़ जमीन जरूरी थी। जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण कई सेंटर नहीं बन पा रहे थे। प्रदेश में 82 ATS के लिए आशय पत्र जारी किए गए थे, लेकिन इनमें से केवल 42 पर ही काम आगे बढ़ पाया।

अब नए नियम के तहत एक लाइन के ATS के लिए 1,500 वर्गमीटर, दो लाइन के लिए 3,000 वर्गमीटर और दोपहिया वाहनों की टेस्टिंग को शामिल करने पर तीन लाइन के ATS के लिए 3,500 वर्गमीटर जमीन जरूरी होगी।

स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि अब यूपी में मकान और दुकान किराए पर लेना आसान होगा। पहले किराए की संपत्ति के सर्किल रेट की चार गुना रकम पर 4% स्टांप ड्यूटी लगती थी। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी मकान का सर्किल रेट 2 लाख रुपए है तो चार गुना रकम 8 लाख रुपए होगी। इस पर 4% यानी 32 हजार रुपए स्टांप ड्यूटी देनी पड़ती थी।

अब 2 लाख रुपए सालाना किराए पर 1 हजार, 5 लाख रुपए पर 3 हजार और 10 लाख रुपए सालाना किराए पर 4 हजार रुपए स्टांप ड्यूटी देनी होगी। इससे लोगों के लिए मकान और दुकान किराए पर लेना आसान होगा।

चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे का 15.172 किलोमीटर विस्तार किया जाएगा। इसका संशोधित प्रस्ताव कैबिनेट ने मंजूर कर दिया है। एक्सप्रेसवे भरतकूप से चित्रकूट तक बनाया जाएगा। परियोजना पर 1,008 करोड़ 67 लाख रुपए खर्च होंगे। इसकी चौड़ाई 110 मीटर होगी और निर्माण कार्य दो साल में पूरा करने का लक्ष्य है। उत्तर प्रदेश खिलौना निर्माण नीति-2026 को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। NCR में खिलौना प्लांट लगाने पर 10% कैपिटल सब्सिडी मिलेगी, जबकि यूपी के बाकी हिस्सों में 30% सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी चीन खिलौनों का बड़ा उत्पादक है। नई नीति से यूपी में खिलौना उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कर सकेगा। उत्तर प्रदेश के PWD, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में इंजीनियरों को काम कराने की आर्थिक सीमा बढ़ा दी गई है। यह बदलाव 31 साल बाद किया गया है।

अब जिन इंजीनियरों के पास 3 लाख रुपए तक के काम की मंजूरी देने की शक्ति थी, उनकी सीमा बढ़ाकर 15 लाख रुपए कर दी गई है। इसी तरह 10 लाख रुपए तक की सीमा वाले इंजीनियरों की आर्थिक सीमा भी बढ़ाई गई है।

### केदारनाथ यात्रा...

वहीं, बिहार में 15 जिलों में 49.67 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य की 5 नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। सिक्किम के ग्यालशिंग जिले के रिंबी इलाके में भारी बारिश और लैंडस्लाइड के बाद 28 घरों के 128 लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SSDMA) के मुताबिक, 14 सितंबर को भारी बारिश और बाढ़ के बाद इलाके का दोबारा जायजा लिया गया। इसके बाद लोगों को रिंबी ग्राम पंचायत केंद्र में शिफ्ट किया गया। सिंगलिटाम में सात प्रभावित परिवारों के लिए राहत केंद्र बनाया गया है। यहां 33 से ज्यादा लोग रह रहे हैं, जिनमें बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं।

### 2 हजार से ज्यादा ...

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को नोटिफिकेशन जारी कर यह स्थिति साफ कर दी थी। RuPay डेबिट कार्ड से होने वाले पेमेंट को भी इस छूट में शामिल किया गया है।

सरकार ने UPI को प्रमोट करने और फ्री रखने के लिए 2021-22 से प्रोत्साहन योजना शुरू की थी। इसके तहत ग्राहक से छोटे दुकानदार को होने वाले 2,000 तक के UPI पेमेंट पर 0.15% इंसेंटिव दिया जाता था। 2024-25 तक इस पर 8,276 करोड़ का इंसेंटिव दिया गया। देश में जून 2026 तक करीब 55.5 करोड़ UPI यूजर्स थे।

अगर, आपके पास उसका UPI आईडी (ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर या आधार नंबर) है तो आप अपने स्मार्टफोन के जरिए आसानी से पैसा भेज सकते हैं।

न सिर्फ पैसा बल्कि यूटिलिटी बिल पेमेंट, ऑनलाइन शॉपिंग, खरीदारी आदि के लिए नेट बैंकिंग, क्रेडिट या डेबिट कार्ड भी जरूरत नहीं होगी। ये सभी काम आप यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सिस्टम से कर सकते हैं।

जुलाई 2026 तक 741 बैंक UPI से जुड़े थे। सिर्फ जुलाई में करीब 2,366 करोड़ UPI ट्रांजैक्शन हुए, जिनकी कुल रकम करीब 29.88 लाख करोड़ रही। वित्त वर्ष 2025-26 में देश के कुल डिजिटल पेमेंट में UPI की हिस्सेदारी करीब 84% रही। यानी छोटे दुकानों से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग और बड़े पेमेंट तक, UPI रोजमर्रा के डिजिटल पेमेंट का सबसे अहम जरिया बन चुका है।

### विपक्ष बोला- सरकार ...

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- गगनचुंबी महंगाई से आम आदमी की जेब पहले ही खाली है। थोक महंगाई 10% के करीब है और भाजपा सरकार ने जनता पर 'डिजिटल पेमेंट टैक्स' लगाकर उनकी बचत को भी तबाह करने की योजना बना दी है।

### शुभेंदु अधिकारी के...

वहीं ममता वाले गुट ने नंदीग्राम से संचिता प्रधान डे और रेजीनगर से पूर्व विधायक रबीउल आलम चौधरी को उम्मीदवार बनाया है।

दोनों गुट खुद को असली TMC बताते हुए 'जोड़ा घास फूल' चुनाव चिह्न पर दावा कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने दोनों पक्षों से अतिरिक्त दस्तावेज मांगे हैं और 16 सितंबर तक जवाब देने को कहा है। अगर उपचुनाव से पहले आयोग इस विवाद पर फैसला नहीं कर पाता है, तो मौजूदा चुनाव चिह्न फ्रीज किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में दोनों गुटों को अलग नाम और चुनाव चिह्न के साथ मैदान में उतरना पड़ सकता है।

कांग्रेस ने नंदीग्राम से मिलन प्रधान और रेजीनगर से मोहम्मद अब्दुल्लाहिल काफी को उम्मीदवार बनाया है। CPI(M) ने रेजीनगर से अधिवक्ता सैयद असद अली को और CPI ने नंदीग्राम से शांति गोपाल गिरी को टिकट दिया है।

### राजपाल यादव ...

अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी।

यह विवाद 2010 का है। राजपाल ने अपनी पहली फिल्म डायरेक्ट करने के लिए दिल्ली की एक कंपनी मुरली प्रोजेक्ट्स से करीब 5 करोड़ रुपए का लोन लिया था। इस फिल्म का नाम 'अता पता लापता' था। कॉमेडी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म इतनी कमाई नहीं कर पाई कि उसका खर्च निकल सके। इसके बाद राजपाल यादव को लोन चुकाने में दिक्कत हुई।

## आकिब और वहाब हटाए जा सकते हैं, इंग्लैंड से टेस्ट में क्लीन स्वीप का असर

# चीफ कोच के बाद सिलेक्टर हटाने की तैयारी में पाकिस्तान

**बदलाव**

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-3 से क्लीन स्वीप झेलने के बाद बड़े बदलाव में जुट गया है। बोर्ड 7 खिलाड़ी और चीफ कोच सरफराज अहमद को सीरीज के बीच में ही हटा चुका है। अब सीनियर सिलेक्टर आकिब जावेद भी हटाए जा सकते हैं। PTI सूत्रों के मुताबिक बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी बदलावों को लेकर अपने सहयोगियों और PCB गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद




चयन समिति और कोचिंग स्टाफ में बदलाव पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। विमेंस टीम के मेंटॉर वहाब रियाज को भी कोचिंग स्टाफ से हटाया जा सकता है। वहाब पर फैसला जापान में होने वाले एशियन गेम्स के बाद लिया जा सकता है। PCB ने इंग्लैंड दौरे पर दूसरा टेस्ट हारने के बाद सात खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया था। इनमें

### विदेशी कोच से भी बातचीत

सूत्रों के अनुसार, PCB वहाब रियाज और मौजूदा कोचिंग स्टाफ की जगह कुछ विदेशी कोच से भी बातचीत कर रहा है। बोर्ड सपोर्ट स्टाफ को ज्यादा पेशेवर बनाने की दिशा में काम करना चाहता है।

मोहम्मद रिजवान, इमाम-उल-हक, सलमान अली आगा, अली उस्मान, आमिर जमाल, मुहम्मद अवैस जफर और खुर्रम शहजाद शामिल थे। बोर्ड ने मुख्य कोच सरफराज अहमद और बॉलिंग कोच उमर गुल को भी

**सरफराज अहमद को हटाए जाने के बाद न्यूजीलैंड के माइक हेसन पाकिस्तानी टेस्ट टीम का कोच बनने की रेस में आगे चल रहे हैं। वे अभी वनडे और टी-20 टीम के कोच हैं। हालांकि, वे रेड-बॉल क्रिकेट में सुधार के लिए पर्याप्त समय चाहते हैं। उन्होंने अपने फैसलों में बाहरी दखल नहीं होने की शर्त रखी है, जिसे मानना बोर्ड के लिए आसान नहीं होगा।**



माइक हेसन को इंग्लैंड दौरे के दौरान पाकिस्तान टेस्ट टीम के अंतरिम हेड कोच बनाया गया था।

### आकिब पर विवादित फैसलों की जिम्मेदारी

पाकिस्तान क्रिकेट में पिछले दो साल में टीम चयन, कप्तानी और कोचिंग स्टाफ में हुए बदलाव में सीनियर सिलेक्टर आकिब जावेद की भूमिका रही। इंग्लैंड दौरे पर सीरीज के बीच में भी उनके इशारे पर बदलाव हुए। इन सबसे आकिब पर सवाल उठने लगे हैं। टीम के खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड किसी और को यह जिम्मेदारी सौंप सकता है।

रिलीज कर दिया था। उनकी जगह माइक हेसन को मुख्य कोच और एशले नॉफ्के को गेंदबाजी कोच बनाया गया है।

## वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे युवा प्लेयर्स भिड़ेंगे

### 22 नवंबर से 12 दिसंबर तक जेनेवा में मुकाबला होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गुकेश और सिंदारोव के बीच चेस वर्ल्ड चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाएगा। यह फाइनल इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों के बीच होगा। गुकेश मई में 20 साल के हो गए हैं, जबकि सिंदरोव 19 साल के हैं।

इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (FIDE) ने 2026 वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का शेड्यूल जारी कर दिया है। डिफेंडिंग चैंपियन डी गुकेश और उज्बेकिस्तान के चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव के बीच मुकाबला 22 नवंबर से 12 दिसंबर तक स्विट्जरलैंड के जेनेवा में खेला जाएगा। चैंपियनशिप का आयोजन जेनेवा के कोलोग्नी स्थित फाउंडेशन मार्टिन बोडमर में होगा। 22 नवंबर को मीडिया डे और ओपनिंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी।

पहला क्लासिकल गेम 24 नवंबर को खेला जाएगा। आखिरी निर्धारित



क्लासिकल गेम 11 दिसंबर को होगा। जरूरत पड़ने पर 12 दिसंबर को टाईब्रेक मुकाबले खेले जाएंगे।

गुकेश ने दिसंबर 2024 में चीन के डिंग लिरेन को हराकर वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीता था। वह 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। जेनेवा में वह पहली बार अपने खिताब का बचाव करेंगे। सिंदारोव ने 2026 FIDE कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर चुनौती पेश की है। इससे पहले वह 2025 FIDE वर्ल्ड कप भी जीत चुके हैं। वह वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करने वाले उज्बेकिस्तान के पहले खिलाड़ी हैं।

# बाबर सात साल बाद डोमेस्टिक फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लौटेंगे

### प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी में खेलेंगे, पाकिस्तान बोर्ड से खुद किया था रिक्वेस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान बाबर आजम सात साल बाद डोमेस्टिक फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लौटेंगे। वह जारी प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी ग्रेड-1 टूर्नामेंट में ऑयल एंड गैस डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के लिए खेलेंगे।

बाबर को OGDCL ने गेस्ट प्लेयर के तौर पर टीम में शामिल किया है। उन्होंने लंबे फॉर्मेट की लय बनाए रखने के लिए PCB से टीम में शामिल करने का अनुरोध किया था। बाबर ने दिसंबर 2022 के बाद टेस्ट क्रिकेट में शतक नहीं लगाया है। उनका टेस्ट औसत 2023 से 30.43 रहा है।

उन्होंने इस दौरान 39 पारियों में सिर्फ आठ अर्धशतक लगाए हैं। इनमें से चार अर्धशतक उनके पिछले पांच टेस्ट में आए हैं। इस



दौरान उनका बेस्ट स्कोर 88 रन है, जो उन्होंने पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बनाया था।

खराब फॉर्म के बावजूद बाबर आजम घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट से दूर रहे। पिछले सप्ताह PCB ने इस सीजन की प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी और प्रेसिडेंट्स कप के लिए टीमों का ऐलान किया था। बाबर को किसी भी टीम में जगह नहीं मिली।

बाबर ने आखिरी बार 2019 में घरेलू फर्स्ट क्लास मैच खेला था। तब वह अब बंद हो चुकी सेंट्रल पंजाब टीम के कप्तान थे। सेंट्रल पंजाब ने फाइनल में नॉर्दर्न को हराकर कायदे-आजम ट्रॉफी जीती थी। उस सीजन बाबर का यह सिर्फ दूसरा घरेलू फर्स्ट क्लास मैच था। 2015 के बाद 2019 उनका पहला और इकलौता सीजन था, जब उन्होंने एक से ज्यादा घरेलू फर्स्ट क्लास मैच खेले। बाबर का घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलने का फैसला इस सीजन प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी में कई इंटरनेशनल क्रिकेटरों के खेलने के बाद आया है। इनमें शाहीन शाह अफरीदी और सलमान आगा के नाम शामिल हैं। पाकिस्तान के टेस्ट क्रिकेट और ICC टूर्नामेंट में हाल के खराब प्रदर्शन के बाद रेगुलर खिलाड़ियों के घरेलू फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट खेलने की मांग उठती रही है।

## दिल्ली में कैंप, युवराज सिंह, अमित मिश्रा और चामिंडा वास ने घरेलू खिलाड़ियों का ट्रायल लिया

# दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2027 की तैयारी शुरू की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स ने IPL 2027 की तैयारी शुरू कर दी है। फ्रेंचाइजी ने दिल्ली के एयरोसिटी में शॉर्ट कैंप और ट्रायल्स आयोजित किए। इसमें घरेलू खिलाड़ियों को मैच जैसे हालात में प्रदर्शन का मौका दिया गया। कैंप में युवराज सिंह और अमित मिश्रा ने खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी। श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चामिंडा वास भी कैंप में शामिल हुए। उन्हें टीम का नया फास्ट-बॉलिंग कोच बनाए जाने की संभावना है। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले महीने बेंगलुरु की जस्ट क्रिकेट एकेडमी में भी कैंप लगाया था। उसमें अच्छा प्रदर्शन करने



वाले कई खिलाड़ियों को दिल्ली के ट्रायल्स में दोबारा मौका मिला। फ्रेंचाइजी घरेलू खिलाड़ियों में से अच्छे खिलाड़ियों को चुनना चाहती है। टीम साल के अंत में होने वाली मिनी नीलामी से पहले अपने खिलाड़ियों की सूची मजबूत करना चाहती है। दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर JSW और GMR के बीच हुए समझौते के तहत टीम का संचालन हर दो साल में बदलता है। IPL 2027 और 2028 के लिए क्रिकेट संचालन की जिम्मेदारी JSW के पास रहेगी। दिल्ली की टीम 2025 और 2026 में प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी थी। ऐसे में नए कैंप और संभावित कोचिंग बदलाव के जरिए फ्रेंचाइजी अगले सीजन में बेहतर प्रदर्शन की तैयारी कर रही है।




### नए कोचिंग स्टाफ की तैयारी

दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग सेटअप में बड़े बदलाव की तैयारी है। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को हेड कोच की जिम्मेदारी मिलने की चर्चा है। युवराज सिंह को बैटिंग कोच बनाया जा सकता है। अमित मिश्रा स्पिन विभाग संभाल सकते हैं।

वास और मिश्रा पहले ही दिल्ली में एकेडमी के खिलाड़ियों के साथ काम कर रहे हैं। वास के पास श्रीलंका की टीम और अलग-अलग फ्रेंचाइजी के साथ कोचिंग का अनुभव है। अमित मिश्रा पहली बार IPL में कोचिंग भूमिका में नजर आएंगे।

**मनोरंजन**

# बैकफुट पर गई अक्षय कुमार की हैवान

### हनुमान अंश की वजह से चौथे दिन ही बॉक्स ऑफिस पर हुआ बंटाधार

नई दिल्ली। भूत बंगला की सफलता के बाद अभिनेता अक्षय कुमार ने निर्देशक प्रियदर्शन संग फिल्म हैवान के जरिए सिनेमाघरों में वापसी की। माना जा रहा था सैफ अली खान संग अक्षय की 18 साल बाद वापसी फैंस को रास आएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है और बॉक्स ऑफिस पर साइको थ्रिलर हैवान (Haiwaan) को खराब शुरुआत मिली। इस बीच हैवान को सबसे बड़ा झटका रिलीज के चौथे दिन लगा और मूवी कमाई में भारी गिरावट दर्ज हुई है। ऐसे में आइए जानते हैं कि सोमवार को हैवान ने कितनी कमाई की है। फिल्म हैवान को क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है। रिलीज के पहले दिन पर महज 3 करोड़ का कारोबार करने वाली अक्षय कुमार और सैफ अली खान की इस लेटेस्ट फिल्म ने दोनों कलाकारों के स्टारडम पर सवाल उठा दिए हैं। ओपनिंग के बाद हैवान को बॉक्स ऑफिस पर वापसी का मौका नहीं मिला और फिल्म की कमाई स्तर नीचे की तरफ गिरता चला गया। गौर करें हैवान की रिलीज के चौथे दिन की कमाई की तरफ तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार मंडे को इस मूवी ने महज 70 लाख का कारोबार किया है, जो अक्षय कुमार और सैफ अली



खान जैसे बड़े कलाकारों से सजी इस साइको थ्रिलर फिल्म के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। कमाई के इन आंकड़ों को देखकर ये साफ कहा जा सकता है कि बॉक्स ऑफिस पर हैवान का बंटाधार हो गया है।

बात की जाए हैवान के चार दिन के टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में तो आंकड़ा महज 8 करोड़ के करीब पहुंच सका है। इस तरह से अक्षय और सैफ की ये फिल्म मंडे टेस्ट में बुरी तरह से फेल हो गई है।

**हैवान की इस खराब कमर्शियल परफॉर्मेंस का सबसे बड़ा कारण फिल्म हनुमान अंश को माना जा रहा है। जिस तरह से नीम करोली बाबा की बायोपिक फिल्म महीनेभर बाद भी सिनेमाघरों में दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई है, उसके आगे कोई भी नहीं टिक पा रहा है। इस वजह से कही न कहीं हैवान भी असफलता की भेंट चढ़ गई है।**






## हनुमान अंश मेकर्स की अगली फिल्म राम बोला पर विवाद

### एक ही टॉपिक पर एक साथ दो फिल्में अनाउंस

मुंबई। फिल्म हनुमान अंश डायरेक्ट करने वाले डॉक्टर विशाल चतुर्वेदी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अगली फिल्म राम बोला की घोषणा की है। उनकी ये फिल्म महाकवि तुलसीदास की जिंदगी पर आधारित होगी, लेकिन इसी दिन, इसी टाइटल पर दूसरी फिल्म की भी घोषणा हो गई, जिससे दो मेकर्स के बीच टाइटल का विवाद शुरू हो गया है। डायरेक्टर विशाल चतुर्वेदी ने प्रोडक्शन हाउस महावीर जैन के साथ राम बोला अनाउंस की। इसी समय डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी फिल्म राम बोला की घोषणा की। पोस्ट में बताया गया कि इसे चंद्रप्रकाश द्विवेदी डायरेक्ट करेंगे, जबकि मधु मंटेना और मंदिरा द्विवेदी इसे प्रोड्यूस करेंगी।

एक ही टाइटल और एक ही




टॉपिक पर दो फिल्में अनाउंस होने पर विवाद हो गया। इस विवाद पर महावीर जैन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बातचीत में कहा है कि फिल्म राम बोला का टाइटल डॉक्टर विशाल चतुर्वेदी के नाम पर रजिस्टर है। वह कुछ समय पहले महावीर जैन के पास इस फिल्म का आइडिया लेकर पहुंचे थे, जिसके बाद इस फिल्म पर काम शुरू हुआ। फिल्म बनाने के राइट्स विशाल चतुर्वेदी और महावीर जैन प्रोडक्शन के पास हैं।


## तिलक लगवाकर फूल अर्पण किए, सिद्धार्थ-कियारा ने भी दर्शन किए, राधिका मर्चेंट की भक्तिमय परफॉर्मेंस

# सलमान खान ने एंटीलिया में लिया बप्पा का आशीर्वाद

नई दिल्ली। सलमान खान अंबानी परिवार के गणपति सेलिब्रेशन का हिस्सा बने हैं। इस दौरान उन्होंने बप्पा का आशीर्वाद लिया और भगवान को फूल अर्पण किए। एंटीलिया में हुए गणपति सेलिब्रेशन की शुरुआत में राधिका मर्चेंट ने भक्तिमय प्रस्तुति दी। सलमान खान ने नए लुक के साथ एंटीलिया में एंट्री ली और तस्वीरें क्लिक कराईं। कुछ देर बाद उन्होंने गणपति प्रतिमा के सामने जाकर आशीर्वाद लिया। पंडित जी ने उन्हें तिलक लगाया और पटका पहनाया। आगे सलमान ने गणपति बप्पा को पुष्प अर्पित किए। गणपति बप्पा के स्वागत के लिए एंटीलिया गेंदे के फूलों, शानदार लाइटिंग और त्योहारों वाली सजावट से जगमगा उठा। इस मौके पर नीता अंबानी, राधिका मर्चेंट, अनंत अंबानी और मुकेश अंबानी गणपति बप्पा का स्वागत करते नजर आए।







राधिका ने लाल साड़ी के साथ हेवी जूलरी पहनी थी।



> राधिका मर्चेंट ने गणपति सेलिब्रेशन में क्लासिकल भक्तिमय भरतनाट्यम परफॉर्मेंस दी, जिसे पॉपुलर कोरियोग्राफर वैभवी मर्चेंट ने कोरियोग्राफ किया है। वैभवी ने सोशल मीडिया से राधिका का वीडियो पोस्ट किया।

### गणपति पूजा में साथ दिखा अंबानी परिवार

इस सेलिब्रेशन से पहले अंबानी परिवार में पूजा आयोजित की गई, जिसमें महज परिवार के सदस्य और चंद करीबी शामिल हुए थे।

### विक्की-कटरीना, सिद्धार्थ-कियारा ने भी लिया आशीर्वाद

विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने भी एंटीलिया में बप्पा का आशीर्वाद लिया और फूल अर्पित किए। नए पेरेंट्स बने सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी भी हाथ जोड़े बप्पा के दर्शन करते नजर आए।

## सुप्रीम कोर्ट के 9 में से 7 जज खिलाफ, वोटरों की जानकारी यूएसपीएस को देने का था आदेश

# ट्रम्प की डाक वोटिंग सख्त करने की कोशिश पर रोक

**इनकार**

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने डाक से वोटिंग के नियम सख्त करने के ट्रम्प के आदेश पर लगी रोक हटाने से इनकार किया। 7-2 के फैसले में कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। मामला नवंबर में होने वाले मिडटर्म चुनाव से जुड़ा है।

ट्रम्प ने मार्च में डाक से वोटिंग में गड़बड़ी रोकने के लिए नए नियमों का आदेश दिया था। इसके तहत वे चाहते थे कि डाक से वोट भेजने वाले मतदाताओं की सूची राज्यों की ओर से अमेरिकी डाक सेवा (USPS) को दी जाए। निचली अदालत ने इस आदेश पर रोक लगा दी थी।



अमेरिका में 3 नवंबर 2026 को मिडटर्म चुनाव होंगे। इसमें कांग्रेस के दोनों सदनों हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट के लिए चुनाव होंगे। अभी अमेरिकी कांग्रेस में रिपब्लिकन पार्टी के पास डेमोक्रेटिक पार्टी से ज्यादा सीटें हैं, लेकिन दोनों के बीच सीटों का अंतर बहुत कम है।

अगर डेमोक्रेटिक पार्टी ज्यादा सीटें जीतकर बहुमत में आती है, तो वह ट्रम्प के फैसलों को रोकने की कोशिश कर सकती है। साथ ही ट्रम्प सरकार के कामकाज की जांच भी कर सकती है। अमेरिका में डाक से वोट डालने की शुरुआत काफी पुरानी है। इसका इस्तेमाल पहले सैनिकों और चुनाव के दिन मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पाने वाले लोगों के लिए किया जाता था। समय के साथ कई राज्यों ने इसे आम मतदाताओं के लिए भी आसान बनाया। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में डाक से वोटिंग का इस्तेमाल बहुत बढ़ गया। कोरोना महामारी के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने घर से वोट डाला। इसके बाद डाक से मिले वोटों की सुरक्षा और गिनती को लेकर बहस तेज हुई। हालांकि, डाक से वोटिंग में कई सुरक्षा जांच होती हैं। मतदाता की पहचान और उसके वोट की पुष्टि के लिए अलग-अलग प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं।

**2020 के राष्ट्रपति चुनाव के बाद ट्रम्प ने डाक से वोटिंग पर सवाल उठाए थे। वह बिना सबूत यह दावा करते रहे कि चुनाव में गड़बड़ी हुई थी और उनसे जीत छीन ली गई। हालांकि, ट्रम्प खुद भी डाक से वोट डाल चुके हैं। इस साल फ्लोरिडा के रिपब्लिकन प्राइमरी में उन्होंने मेल से वोट किया था।**

### वोटर की पहचान नहीं मिली तो बैलेट रोकने का अधिकार मिलता

अगर कोई बैलेट नए नियमों के मुताबिक नहीं होता या वोटर का नाम तय सूची में नहीं मिलता, तो USPS उस बैलेट को रोक सकता था। डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकार वाले राज्यों और वोटिंग अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठनों ने इन नियमों का विरोध किया था। उनका कहना था कि इससे चुनाव के दौरान मतदाताओं की परेशानी बढ़ सकती है।

### कोर्ट ने टाइमिंग पर उठाया सवाल

सुप्रीम कोर्ट के सामने सवाल सिर्फ यह नहीं था कि ट्रम्प की योजना सही है या गलत। बड़ी दिक्कत यह थी कि इसे लागू करने के लिए अब वक्त ही कितना बचा है। नवंबर के चुनाव में कुछ ही समय बाकी है और कई राज्यों में बैलेट भेजने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जस्टिस ब्रेट कावानॉ ने कहा कि ट्रम्प की योजना को भविष्य के चुनावों में लागू किया जा सकता है। लेकिन नवंबर के चुनाव से ठीक पहले पूरी व्यवस्था बदलना मुश्किल होगा। चुनाव अधिकारियों को नई व्यवस्था तैयार करने, राज्यों में लागू करने और उसकी तैयारी पूरी करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलेगा।




अमेरिका के कैलिफोर्निया के लिवरमोर में एक वोटर अपना मेल बैलेट जमा करते हुए। (फोटो - NYT)

## 66 साल पहले ब्रज भाषा से बना था मधुबाला का आइकॉनिक सॉन्ग

## 'स्वर कोकिला' ने गाया था ठेठ देहाती गीत

नई दिल्ली, एजेंसी



हिंदी सिनेमा की वेटरन एक्ट्रेस के तौर पर मधुबाला (Madhubala) को आज भी याद किया जाता है। अपनी बेबाक खूबसूरती और फिल्मों में कमाल की अदाकारी के लिए मधुबाला को जाना जाता था। सुनहरे एक्टिंग करियर के दौरान उन्होंने कई सफल मूवीज में काम किया और उनमें कई शानदार गीत भी शामिल रहे। मधुबाला के उनमें से एक कल्ट क्लासिक गाने का बारे में इस लेख में हम आपको बताने जा रहे, जो ब्रज भाषा की मदद से 66 साल पहले बना था। आइए जानते हैं कि वह आइकॉनिक सॉन्ग कौन सा है।

सिनेमा जगत के इतिहास में कई बार देखा गया है कि ग्रामीण और क्षेत्रीय भाषा की मदद से फिल्मों के गीत और संगीत को तैयार किया जाता है। ऐसा ही कमाल साल 1960 में रिलीज हुई अभिनेत्री मधुबाला और अभिनेता दिलीप कुमार की कालजयी फिल्म मुगल-ए-आजम के एक गाने में देखने को मिला था, जिसके बोले थे- मोहे पनघट पे नंदलाल छेड़ गयो रे... (Mohe Panghat Pe Nandlal Chhed Gayo Re)।

मुगल-ए-आजम के इस गीत के लिरिक्स को सुनने और पढ़ने के बाद ये साफ जाहिर होता है कि इसे ब्रज भाषा की मदद से तैयार किया है। महान गीतकार शकील बदायूंनी की कलम द्वारा मधुबाला पर फिल्माए गए मोहे पनघट पे नंदलाल छेड़ गयो रे... गाने के लिरिक्स को लिखा गया था।

**फास्ट न्यूज**

### 20 साल से पत्नी को नशीली दवाएं देकर कर रहा था रेप

लंदन। यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले एक व्यक्ति ने 20 से ज्यादा सालों तक अपनी पत्नी का रेप किया। वो इतने सालों तक अपनी पत्नी को नशीली दवा देता रहा और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़ित महिला की पहचान छिपाने के कानूनी अधिकार की रक्षा के लिए पति का नाम सामने नहीं लाया गया है। आरोपी ने 2004 से 2025 के बीच पत्नी का दुष्कर्म करने के साथ ही 60 अपराधों के लिए अपना जुर्म कबूल किया है।

### गूगल रिसर्चर बोले- इंसानी नस्ल खत्म कर देगा एआई

नई दिल्ली। गूगल डीपमाइंड के एक पूर्व वैज्ञानिक बिलाल चुगताई ने चेतावनी दी है कि AI पूरी मानव जाति को खत्म कर सकती है। उन्होंने ये भी कहा कि इसे रोकने के लिए समय बहुत कम बचा है। उन्होंने इस्तीफा देने के बाद दुनिया को AI के इस छिपे खतरे से आगाह किया है। इससे पहले एंथ्रोपिक के रिसर्च जैकब कॉक्सन ने भी इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर AI के खतरे को लेकर कहा था कि AI बनाने वाले डेवलपर्स खुद मानते हैं कि 2030 तक यह तकनीक इंसानों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।

### चांदी 1,270 गिरकर 2.28 लाख किलो पर आई


नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 15 सितंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक एक किलो चांदी की कीमत 1,270 रुपए कम होकर करीब 2.28 लाख रुपए पर आ गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 888 रुपए घटकर 1.51 लाख रुपए पर आ गए हैं। वहीं 15 दिन में चांदी 10 हजार और सोना 5 हजार सस्ता हुआ है।

# ढाका यूनिवर्सिटी में जिन्ना की तस्वीरों पर बवाल

## जमात के पूर्व चीफ गुलाम आजम की तस्वीर लगाई

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की ढाका यूनिवर्सिटी में पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की तस्वीरें लगाने को लेकर विवाद हो गया है। यूनिवर्सिटी के सेंट्रल स्टूडेंट्स यूनियन (DUCSU) के नए आर्काइव में जिन्ना की तीन तस्वीरें लगाई गई थीं। छात्रों ने इसका विरोध किया और एक तस्वीर फाड़ दी। इसके जवाब में छात्र फेडरेशन के एक नेता ने उसी जगह जमात-ए-इस्लामी के पूर्व प्रमुख गुलाम आजम की तस्वीर लगा दी। इसके बाद मामला और बढ़ गया।



DUCSU के नए सिरे से तैयार किए गए आर्काइव का उद्घाटन रविवार को हुआ था। यहां 1905 से 1971 तक ढाका यूनिवर्सिटी के इतिहास से जुड़ी सामग्री रखी गई है। आर्काइव में जिन्ना से जुड़ी तीन तस्वीरें थीं। इनमें 1948 की एक तस्वीर भी शामिल थी। इसमें जिन्ना ढाका के तत्कालीन रेसकोर्स ग्राउंड में उर्दू को पाकिस्तान की एकमात्र राज्य भाषा बनाने की बात कह रहे थे। दूसरी तस्वीर 1940 में ऑल इंडिया मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन की थी। तीसरी 1970 के चुनाव से जुड़ी 'डॉन' अखबार की कटिंग थी। DUCSU सचिव फातिमा तसनीम जुमा ने कहा कि तस्वीरें जिन्ना के सम्मान में नहीं लगाई गई थीं। उनका कहना था कि आर्काइव में उस दौर की प्रमुख घटनाओं और उनसे जुड़े लोगों को दिखाया गया है।

## 9 महीने तक जोड़ीदार तलाशते रहे, अब तक की सबसे लंबी दूरी तय की

# जंगली कुत्ते मादा की तलाश में चार हजार केएम घूमे




अफ्रीकी जंगली कुत्ते सामाजिक जानवर होते हैं। वे एक-दूसरे पर निर्भर रहकर और साथ मिलकर अपना जीवन जीते हैं। (सोर्स-NYT)

नई दिल्ली, एजेंसी

जाम्बिया के काफ्यू नेशनल पार्क से निकले तीन अफ्रीकी जंगली कुत्तों ने साथी और नया इलाका तलाशने के लिए करीब 4,126 किमी का सफर तय किया।

तीनों भाई 2025 के मध्य में अपने पुराने झुंड से अलग हुए और करीब 9 महीने तक अलग-अलग इलाकों में घूमते रहे। अप्रैल 2026 तक वे साउथ लुआंगवा और लोअर जाम्बेजी नेशनल पार्कों के बीच एक गेम मैनेजमेंट एरिया यानी आंशिक रूप से सुरक्षित वन्यजीव क्षेत्र तक पहुंच गए।

वैज्ञानिकों के मुताबिक, किसी अफ्रीकी स्तनधारी के इस तरह साथी की तलाश में इतनी लंबी दूरी तय करने का यह अब तक का सबसे लंबा रिकॉर्ड है।



इन तीनों को 'मायुकुयुकु मेल्स' के नाम से पहचाना गया है। उनका सफर सीधा नहीं था। काफ्यू से निकलकर वे पहले पूर्व की ओर गए और किटवे और एनडोला जैसे औद्योगिक शहरों के आसपास पहुंचे।

यहां सड़कें, शहर और इंसानी गतिविधियां ज्यादा थीं, इसलिए उन्होंने रास्ता बदला और फिर लुआंगवा नदी घाटी की ओर बढ़े। आखिर में वे साउथ लुआंगवा और लोअर जाम्बेजी के बीच पहुंच गए।

यानी नक्शे पर उनकी शुरुआती और आखिरी जगह के बीच दूरी भले करीब 420 किमी थी, लेकिन इंसानी इलाकों से बचते हुए उन्होंने करीब 2,564 मील यानी 4,126 किमी का घुमावदार रास्ता तय किया। यह दूरी काहिरा से केप टाउन के बीच की दूरी की करीब आधी है। अफ्रीकी जंगली कुत्ते झुंड में रहने वाले सामाजिक जानवर हैं। वे साथ मिलकर शिकार करते हैं और बच्चों की देखभाल भी करते हैं।

बड़े होने के बाद कई नर और मादा अपने जन्म वाले झुंड से अलग होकर नया इलाका और साथी तलाशते हैं। इसे डिस्पर्सल कहा जाता है। यह माइग्रेशन से अलग है।

माइग्रेशन में जानवर आमतौर पर मौसम, भोजन या रहने की जगह के हिसाब से एक इलाके से दूसरे इलाके जाते हैं और कई बार वापस भी लौटते हैं।

## कौन से वेपन, कब भेजे गए अभी सीक्रेट, अंतरिक्ष में युद्ध का खतरा बढ़ा

# अमेरिका ने पहली बार माना स्पेस में हथियार तैनात किए

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका ने पहली बार माना है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक ने सोमवार इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास ऑर्बिट में ऐसे हथियार हैं, जिनका इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए किया जा सकता है।

अमेरिकी अधिकारी ने यह नहीं कहा कि ये हथियार आखिर किस तरह के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया था।

अमेरिका का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में अपनी ताकत बढ़ाने की होड़ चल रही है।



इससे अंतरिक्ष में हथियारों की दौड़ और तेज होने की आशंका भी बढ़ गई है। विशेषज्ञों को डर है कि अमेरिका के इस खुलासे के बाद रूस और चीन भी अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत बढ़ा सकते हैं। वे इस अमेरिकी कदम को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताकर नई तकनीक और हथियार विकसित करने की वजह बता सकते हैं। इस तरह एक देश की सैन्य तैयारी दूसरे देश को भी अपनी ताकत बढ़ाने के लिए प्रेरित कर सकती है। इससे अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ और तेज होने का खतरा बढ़ सकता है।

अमेरिकी स्पेस फोर्स का कहना है कि रूस अंतरिक्ष को भी युद्ध का हिस्सा मानता है। यानी भविष्य में अगर रूस का किसी देश से बड़ा युद्ध होता है तो वह अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट और दूसरी तकनीक का इस्तेमाल भी कर सकता है।

अमेरिकी अधिकारियों ने रूस के कुछ सैटेलाइट को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि रूस ऐसी तकनीक पर काम कर रहा है, जिससे जरूरत पड़ने पर दूसरे देशों के सैटेलाइट को नुकसान पहुंचाया जा सके और अपने सैटेलाइट को बचाया जा सके।

### अमेरिका के खुलासे से उलटा नुकसान भी संभव

अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की बढ़ती अंतरिक्ष सैन्य ताकत को लेकर चिंता जताता रहा है। आज के युद्ध में सैटेलाइट बहुत जरूरी हो गए हैं।

सेनाएं इनका इस्तेमाल आपस में संपर्क करने, रास्ता पता करने, खुफिया जानकारी जुटाने और मिसाइलों पर नजर रखने जैसे कामों में करती हैं।

ऐसे में अगर किसी देश के सैटेलाइट पर हमला होता है तो उसकी सैन्य ताकत कमजोर हो सकती है। इसलिए बड़ी सैन्य ताकतें अब सिर्फ नए सैटेलाइट बनाने पर ही ध्यान नहीं दे रही हैं। वे अपने सैटेलाइट को दुश्मन के हमले से बचाने और जरूरत पड़ने पर दूसरे देश के अंतरिक्ष सिस्टम को रोकने की क्षमता भी विकसित कर रही हैं।

# हूती विद्रोहियों की पसंदीदा गाड़ी बनी टोयोटा हिलक्स

## इस पर मशीनगन-रॉकेट लॉन्चर लगाना आसान, 45 साल से दुनियाभर के आतंकियों की पहचान बनी

सना, एजेंसी

यमन के लाल सागर तट पर पिछले हफ्ते हूती लड़ाकों का बड़ा काफिला नजर आया। इसमें बड़ी संख्या में टोयोटा हिलक्स पिकअप शामिल थीं। कई गाड़ियों पर मशीनगन और रॉकेट लॉन्चर लगे थे। आम तौर पर सामान ढोने और रोजमर्रा के काम में इस्तेमाल होने वाली ये गाड़ियां यहां युद्ध में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की तरह नजर आ रही थीं।

हिलक्स का युद्ध में इस्तेमाल नया नहीं है। करीब 45 साल से यह गाड़ी दुनिया के अलग-अलग संघर्षों में विद्रोहियों और आतंकियों के बीच नजर आती रही है।

इसकी मजबूत बनावट, खराब रास्तों पर चलने की क्षमता और पीछे के खुले हिस्से में हथियार लगाने की सुविधा इसे ऐसे गुटों के लिए



उपयोगी बनाती है। इराक में ISIS से लेकर यमन के हूतियों और अफ्रीका के अलग-अलग सशस्त्र गुटों तक, कई संगठनों ने टोयोटा की पिकअप का इस्तेमाल किया है। हिलक्स के लड़ाकों और आतंकी संगठनों के बीच इस्तेमाल की एक बड़ी वजह इसकी मजबूती और खराब रास्तों पर आसानी से चलने की क्षमता है।

यह गाड़ी ऐसे इलाकों में भी चल सकती है, जहां सामान्य गाड़ियों के लिए पहुंचना मुश्किल होता है। खासकर रेगिस्तान और ऊबड़-खाबड़ रास्तों में यह उपयोगी साबित होती है। बीबीसी के कार्यक्रम 'टॉप गियर' में भी हिलक्स की मजबूती को परखने के लिए एक प्रयोग किया गया था। इसमें गाड़ी को पेड़ से टकराया गया, कई घंटे समुद्र के पानी में डुबोया गया, ऊंचाई से गिराया गया और भारी वजन के नीचे दबाया गया। इसके अलावा उसे इमारत से टकराया गया और उसमें आग भी लगाई गई।


## आबादी : ट्रम्प की सख्ती के बावजूद भारतीयों का यूएस में बसना जारी, कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा भारतवंशी

# अमेरिका में 50 'मिनी इंडिया', पांच साल में 75 होंगे

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीयों की बस्तियां तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले 20 साल में 50 से ज्यादा इलाकों में भारतीयों की बड़ी आबादी बस चुकी है। इन्हें 'मिनी इंडिया' कहा जा रहा है। अनुमान है कि अगले 5 साल में ऐसे इलाकों की संख्या 75 तक पहुंच सकती है।

ट्रम्प की वीजा और ग्रीन कार्ड पर सख्ती के बावजूद भारतीयों का अमेरिका जाना और वहां बसना जारी है। टेक, हेल्थकेयर और फार्मा जैसे सेक्टर में नौकरियों के मौके इसकी बड़ी वजह हैं। कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा करीब 9.3 लाख भारतवंशी रहते हैं। 'मिनी इंडिया' में रहने वाले भारतीय परिवारों की औसत सालाना आय करीब 1.54 करोड़ रुपए है। अमेरिकी परिवारों की औसत आय करीब 80 लाख रुपए है। अमेरिकन



कम्युनिटी सर्वे और प्यू रिसर्च सेंटर रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले वर्षों में यह अंतर और बढ़ सकता है। कैलिफोर्निया के डबलिन और सैन रेमन इलाके में भारतीय आबादी करीब 18% है। डबलिन के स्कूलों में 41% छात्र भारतीय मूल के हैं।

यहां भारतीय संस्कृति की झलक साफ दिखाई देती है। नई पीढ़ी दिवाली भी मनाती है और वीकेंड पर क्रिकेट भी खेलती है। भारतीय खाने की लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है कि कई जगह ड्राइव-थ्रू भारतीय फूड आउटलेट भी खुल गए हैं।

विलियम का मानना है कि आईटी सेक्टर में भारतीयों की मजबूत मौजूदगी के कारण अमेरिका के दूसरे राज्यों में भी नए 'मिनी इंडिया' विकसित होंगे। भारतीय समुदाय अमेरिका की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दे रहा है और किसी भी अन्य प्रवासी समुदाय की तुलना में उसकी भूमिका ज्यादा मजबूत दिखाई देती है। ट्रम्प सरकार ने H-1B वीजा की फीस बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत हर वीजा पर 1,03,265 डॉलर (करीब 98 लाख रुपए) की अतिरिक्त फीस लगेगी।

**अक्टूबर 2025 से ज्यादातर नॉन-इमिग्रेंट वीजा आवेदकों के लिए इंटरव्यू भी जरूरी कर दिया गया। पहले 14 साल से कम और 79 साल से ज्यादा उम्र के आवेदकों को मिलने वाली छूट भी हटा दी गई, हालांकि कुछ मामलों में छूट जारी है।**

### कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा भारतवंशी

अमेरिका में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के लोग कैलिफोर्निया में रहते हैं। दूसरे नंबर पर टेक्सास है, जहां करीब 5.4 लाख भारतवंशी रहते हैं।

टेक्सास का फ्रिस्को शहर 25 साल पहले तक ज्यादातर खेतों वाला इलाका था। आज यहां की आबादी 2.5 लाख से ज्यादा है। इनमें करीब 19% लोग भारतीय मूल के हैं।

आसपास के प्लेनो और एलन शहरों में भी भारतीय मंदिर, रेस्तरां और दुकानों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

# इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा ने की दूसरी शादी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेटर इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ ने 52 साल की उम्र में दूसरी शादी कर ली है।

जेमिमा ने 62 साल के आयरिश-ऑस्ट्रेलियाई करोड़पति कैमरन ओ'राइली से शादी की है। दोनों की शादी इमरान खान से तलाक के 22 साल बाद हुई है। इमरान और जेमिमा का तलाक 2004 में हुआ था। हालांकि, जेमिमा और कैमरन ने खुद अपनी शादी की जानकारी सार्वजनिक नहीं की। जेमिमा की भाभी जेमिमा जोन्स ने इसकी जानकारी दी। जोन्स, जेमिमा के भाई बेन गोल्डस्मिथ की पत्नी हैं। उन्होंने 13 सितंबर को इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की।

जेमिमा जोन्स ने अपने पति बेन गोल्डस्मिथ के साथ इंस्टाग्राम पर यह फोटो शेयर कर लिखा, 'जेमिमा और कैमरन की शादी का जश्न अपने पसंदीदा साथी के साथ मना रही हूं। कितना खुशी का दिन है!'



पूर्व पाक प्रधानमंत्री से तलाक के 22 साल बाद आयरिश-ऑस्ट्रेलियाई करोड़पति को पार्टनर बनाया

जेमिमा जोन्स ने अपने पति बेन गोल्डस्मिथ के साथ इंस्टाग्राम पर यह फोटो शेयर कर लिखा, 'जेमिमा और कैमरन की शादी का जश्न अपने पसंदीदा साथी के साथ मना रही हूं। कितना खुशी का दिन है!'

जेमिमा ने 1995 में इमरान खान से की थी शादी

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म० न० 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं है। मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96